दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 64 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। सोमवार, 05 जनवरी 2026 । माघ माह, कृष्ण पक्ष द्वितिया, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## बांग्लादेश में हिंदू नेता के चुनाव लड़ने पर रोक

### शेख हसीना की सीट पर आरएसएस से जुड़े गोबिंद का नामांकन खारिज; बोले- बीएनपी की साजिश



बढ़ता राजस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश में एक हिंदू नेता को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने संसदीय चुनावों के लिए गोपालगंज-3 सीट से पर्चा दाखिल किया था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने शनिवार को उनका नामांकन वापस कर दिया। पूर्व पीएम शेख हसीना गोपालगंज-3 से सांसद थीं। यहां 50% से ज्यादा हिंदू वोटर्स हैं। गोबिंद निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहते थे। वह पेशे से वकील हैं और बांग्लादेश जातीय हिंदू महाजोत नामक संगठन के महासचिव भी हैं। क्ष्छ्ठ।रू कुल 23 संगठनों का हिंदुत्ववादी गठबंधन है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है।

### खालिदा जिया की पार्टी पर लगाए गंभीर आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोबिंद ने कहा कि बांग्लादेश में एक प्रावधान है जिसके हिसाब से एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपने इलाके के 1त्न वोटरों के साइन लाने होते हैं। वह नियम का पालन करते हुए 1त्न वोटरों के हस्ताक्षर लेकर आए थे, लेकिन बाद में उन वोटरों ने रिटर्निंग ऑफिसर से आकर कहा कि उनके साइन लिए ही नहीं गए थे। गोबिंद का आरोप है कि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वोटरों पर ऐसा करने का दबाव बनाया। इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित करते हुए नामांकन रद्द कर दिया।

### प्रमाणिक की सीट पर 51% वोटर हिंदू

गोबिंद ने दावा किया है कि वो निर्दलीय चुनाव इसलिए लड़ना चाहते थे, क्योंकि उन्हें अपनी जीत पर भरोसा था। उनका कहना है कि गोपालगंज के 3 लाख मतदाताओं में से 51% हिंदू हैं। बीएनपी ने उन्हें रास्ते से हटाया क्योंकि यहां उसके जीतने की संभावना बिल्कुल भी नहीं थी। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करूंगा। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं कोर्ट भी जाऊंगा। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, गोबिंद ने 28 दिसंबर को अपना चुनावी नामांकन दाखिल किया था।

## राम रहीम जेल से 15वीं बार बाहर आएगा

### डेरा मुखी को 40 दिन की पैरोल मिली; साध्वियों के यौन शोषण-मर्डर केस में कैद काट रहा

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** रोहतक की सुनारिया जेल में साध्वियों के यौन उत्पीड़न और पत्रकार हत्या के मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल मिल गई है। इस दौरान राम रहीम डेरा सच्चा सौदा हेडक्वार्टर सिरसा में रहेगा। राम रहीम अभी अपनी दो साथी साध्वियों के साथ रेप के जुर्म में 20 साल की जेल की सजा काट रहा है। अगस्त 2017 में रेप केस में दोषी ठहराए जाने के बाद गुरमीत राम रहीम सिंह इस बार 15वीं बार जेल से बाहर आएगा। इससे पहले 15 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाने के लिए राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आया था।

## भाजपा का दावा- राहुल गांधी वियतनाम के दौरे पर

### कहा- विदेश जाकर भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं; इसके पीछे क्या मकसद

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वियतनाम दौरे पर जाने का दावा किया है। वहीं, आरोप लगाया है कि वह वियतनाम में भारत विरोधी लोगों के मेहमान बनकर देश के खिलाफ बोलेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत के खिलाफ जहर उगलने का काम करते हैं। उन्होंने कांग्रेस से मांग की कि यह साफ किया जाए कि राहुल गांधी को विदेशों में कौन लोग और किन मकसदों से आमंत्रित करते हैं। त्रिवेदी ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस शासित राज्यों में भी राहुल गांधी को औपचारिक तौर पर बुलावा नहीं मिलता, तो विदेशों में उन्हें कौन और क्यों आमंत्रित करता है। भाजपा के इन आरोपों पर कांग्रेस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि जो व्यक्ति कथित तौर पर राष्ट्रविरोधी ताकतों के साथ खड़ा होता है, उसकी बात अब कांग्रेस के कार्यकर्ता भी गंभीरता से नहीं लेते। ढांडा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत को बदनाम करने वाली तैयार स्क्रिप्ट पढ़ते हैं।भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने कहा कि राहुल गांधी के विदेश दौरे के बाद अक्सर भारत के आंतरिक मामलों पर विदेशी नेताओं की टिप्पणियां सामने आती हैं।






# राजस्थान में पारा फिर शून्य पर

# 14 जिलों में सर्दी का हाई अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के अधिकतर इलाकों में रविवार को भी घना कोहरा रहा। उदयपुर के गोगुंदा में 50 मीटर तक की विजिबिलिटी रह गई थी। हाईवे पर हेडलाइट जलाकर गाड़ियों रेंग रही थीं। उदयपुर शहर में सुबह 11 बजे के बाद सूरज के दर्शन हुए। कोटा, सीकर, सिरोही सहित कई और शहरों में भी हालात कुछ ऐसे ही रहे। अलवर में छह दिन बाद हल्की धूप खिली है।

माउंट आबू (सिरोही) में लगातार दूसरे दिन (शनिवार) तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीकर के पलसाना में रविवार को माइनस 0.2 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

शेखावाटी और जयपुर संभाग के जिलों में सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। राजसमंद और पलसाना (सीकर) में फसलों पर बर्फ की बूंदें जम गईं। उधर, प्रदेश में रविवार को 5 जिलों में शीतलहर और 9 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को प्रदेश के तीन शहरों को छोड़कर बाकी सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक राज्य में तेज सर्दी, शीतलहर और कोहरा रहने की संभावना है।

### राजसमंद में शीतलहर, ओस की बूंदें जमीं

राजसमंद के कुंभलगढ़ में रविवार सुबह तेज सर्दी का असर देखा गया। शीतलहर के कारण क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई। वेरों का मठ के पास वरदड़ा गांव और आसपास के गांवों में खेतों में ओस की बूंदें जम गईं। वहीं, उदावड़ गांव में कार के शीशे पर भी ओस जम गई। सुबह करीब 6 बजे तापमान गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

## अलवर में छह दिन बाद निकला सूरज, कड़ाके की सर्दी से प्रदेश में कोहरा


### कोटा में कोहरा, विजिबिलिटी 100 मीटर रही

कोटा में रविवार सुबह शहर और ग्रामीण क्षेत्र के इलाकों में कोहरा रहा। इस सर्दी के सीजन में पहली बार इतना ज्यादा कोहरा देखने को मिला है। शहर में विजिबिलिटी 100 से 150 मीटर के बीच रही। सुबह से ही बर्फीली हवाएं चलने के कारण ठंड में और इजाफा हो गया है। हाईवे पर कोहरा अधिक होने से ड्राइवर हेडलाइट जलाकर चले।

### 6 दिन बाद अलवर में सूरज के दर्शन हुए

अलवर में 6 दिनों के बाद रविवार सुबह सूरज निकला है। ठिठुरन भरी सर्दी है। हल्के बादल भी छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन शीतलहर चलेगी, ठिठुरन और तेज हो सकती है। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 5 जनवरी को इन जिलों में शीतलहर की चेतावनी



सोर्स: मौसम विभाग (मैप प्रतीकात्मक है)

येलो अलर्ट
सीकर, जयपुर और अलवर

### एक सप्ताह तेज सर्दी रहेगी

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम ड्राय रहेगा। अगले 2-3 दिन कुछ भागों में सुबह के समय घना कोहरा रहने की संभावना है। साथ ही आगामी दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री गिरावट होने और उत्तरी भागों में शीतलहर का असर रहने की संभावना है। इस दौरान कुछ शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री तक नीचे दर्ज होने के कारण कोल्ड-डे (शीत दिन) की संभावना है।

### हेडलाइट जलाकर हाईवे पर रेंगती रहीं गाड़ियां

उदयपुर जिले के गोगुंदा क्षेत्र में सर्दी ने तीखे तेवर दिखाए। यहां न्यूनतम तापमान गिरकर एक डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पूरा इलाका घने कोहरे की चपेट में रहा। सुबह 11 बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके। नेशनल हाईवे-27 पर विजिबिलिटी 50 मीटर रही। हाईवे पर हेडलाइट जलाकर गाड़ियां रेंगती रहीं। गोगुंदा पूरी तरह ऊंचे पहाड़ों से घिरा इलाका है। इस वजह से माउंट आबू की तरह गोगुंदा में भी सर्दी काफी पड़ती है।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने किसान मोर्चा का पदभार संभाला

## मदन राठौड़ बोले- लंबी छलांग के लिए पीछे आना पड़ता है, थोड़ा पीछे आकर लॉन्ग जंप करेंगे





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी ने अपने 7 मोर्चों में से दो की जिम्मेदारी पूर्व केन्द्रीय मंत्रियों को दी थी। तभी से सियासी चर्चा थी कि पार्टी ने इन केन्द्रीय मंत्रियों को प्रमोशन किया है या डिमोशन। इनमें से किसान मोर्चे का पदभार रविवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने संभाल लिया। इस पदभार कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि देखिए, लॉन्ग जंप (लंबी छलांग) करने के लिए पीछे आना पड़ता है। तब लॉन्ग जंप होती है तो मैं भी इनको शुभकामनाएं दे रहा हूं कि थोड़ा पीछे आकर के लॉन्ग जंप करेंगे। बता दें कि कैलाश चौधरी के साथ ही बीजेपी पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल को भी अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चे का प्रदेशाध्यक्ष बनाया था।

### किसान मोर्चा अध्यक्ष का अजीब संयोग

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान को समझने के लिए बीजेपी किसान मोर्चे से जुड़े एक संयोग को समझना जरूरी हैं। दरअसल, पिछले 7 सालों से बीजेपी किसान मोर्चे के अध्यक्ष की कुर्सी के साथ एक अजीब संयोग जुड़ा है। किसान मोर्चे के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी जब पहले किसान मोर्चे के अध्यक्ष थे। उस समय अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने साल 2018 में बाड़मेर की बायतू सीट से विधायक का चुनाव लड़ा। लेकिन वे चुनाव हार गए। इसके बाद पार्टी ने उन्हें साल 2019 में लोकसभा चुनावों में बाड़मेर टिकट दे दिया। यह चुनाव उन्होंने जीता और केन्द्र में मंत्री बने।इसी तरह से कैलाश चौधरी से पहले किसान मोर्चे के अध्यक्ष भागीरथ चौधरी को साल 2023 में किसान मोर्चे का अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में उन्हें पार्टी ने किशनगढ़ से टिकट दिया। लेकिन वे चुनाव हार गए। साल 2024 में हुए लोकसभा चुनावों में पार्टी ने उन्हें अजमेर से लड़ाया, वे जीते और आज केन्द्र में कृषि राज्यमंत्री हैं।

## वेनेजुएला में हालात को लेकर भारत ने जताई चिंता, बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की अपील



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** वेनेजुएला में अमेरिका के हमले के बाद से देश में अस्थिरता का माहौल है। वेनेजुएला में हालात को लेकर भारत ने जताई चिंता और बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने आज रविवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए लिखा, वेनेजुएला में हाल की घटनाएं गहरी चिंता का विषय हैं। हम बदलते हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। भारत वेनेजुएला के लोगों की भलाई और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध। हम सभी संबंधित लोगों से अपील करते हैं कि वे बातचीत के जरिए शांति से मुद्दों को सुलझाएं, ताकि इलाके में शांति और स्थिरता बनी रहे।

मंत्रालय ने आगे लिखा कि काराकास में भारतीय दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के संपर्क में है और हर मुमकिन मदद देता रहेगा। वहीं, विदेश मंत्रालय की ओर से वेनेजुएला में रह रहे भारतीयों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई। मंत्रालय का यह बयान कल शनिवार को वेनेजुएला में अमेरिकी डेल्टा फोर्स के एक सैन्य बेस पर हमला करने के बाद आया है।

# अमित शाह बोले-तमिलनाडु में देश की सबसे भ्रष्ट सरकार

## अप्रैल 2026 में एनडीए सरकार बनेगी; गृहमंत्री ने तमिल में बोल ना पाने पर माफी मांगी



**चेन्नई (एजेंसी)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर पूरे भारत में कहीं सबसे भ्रष्ट सरकार है, तो दुर्भाग्य से वह तमिलनाडु में है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे साफ दिख रहा है कि अप्रैल 2026 में तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये बातें रविवार को तमिलनाडु के पुडुक्कोट्टई में प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन की यात्रा के समापन समारोह के दौरान कहीं। उन्होंने इससे पहले रैली में आए लोगों से कहा कि मैं माफी चाहता हूं कि तमिल में नहीं बोल पा रहा। शह ने आगे कहा- मैं तमिलनाडु की पवित्र भूमि को प्रणाम करके अपना भाषण शुरू करता हूं।

**अमित शाह के स्पीच की बड़ी बातें...**आने वाले चुनावों में, भाजपा एआईएडीएमके और हमारी सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर कांग्रेस और डीएमके को आखिरी टक्कर देने के लिए एक मजबूत गठबंधन बनाने जा रही है। डीएमके सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। 2024 और 2025 भारतीय जनता पार्टी के लिए जीत के साल थे। 2026 में, तमिलनाडु और बंगाल में एनडीए सरकार को भारी बहुमत से बनाना है।

# वीआईपी को नहीं खलेगी कमरों की कमी, 1.64 करोड़ स्वीकृत

## सर्किट हाउस में बनेंगे दो वीआईपी सुईट व तीन अतिरिक्त कमरे

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** यहां आने वाले वीआईपी के लिए अब सर्किट हाउस में कमरों की कमी नहीं खलेगी। वीआईपी सुविधाओं में और इजाफा करने के लिहाज से एक करोड़ 64 लाख रुपए राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से सर्किट हाउस में दो वीआईपी सुईट व तीन अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जाएगा। राज्यमंत्री व स्थानीय विधायक ओटाराम देवासी ने इस सम्बंध में सर्किट हाउस प्रबंधक व पीडब्ल्यूडी से प्रस्ताव मंगवाए थे। साथ ही गत 25 दिसम्बर को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग व निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र लिखा था।

### राज्यमंत्री के प्रयासों से मिली स्वीकृति

राज्यमंत्री ने पत्र में अनुरोध किया था कि सिरोही व माउंट आबू में निरंतर वीआईपी मूवमेंट रहता है, लेकिन सर्किट हाउस में सुविधाएं अपर्याप्त है। सर्किट हाउस की आवश्यकता को देखते हुए दो नए वीआईपी सुइट व 3 अतिरिक्त नवीन कमरों के निर्माण के लिए एक करोड़ 64 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

### सुविधाओं में इजाफा हो सकेगा

इस स्वीकृति के बाद सिरोही को काफी फायदा मिलेगा। कई साल पहले बने सर्किट हाउस में फिलवक्त नए कमरों की आवश्यकता है। पर्यटन का मुख्य केन्द्र होने के कारण तथा माउण्ट आबू में राजभवन होने से वीआईपी व पर्यटकों का आवागमन रहता है। कमरों की कमी से आगंतुक भारी परेशानी झेलते हैं। वीआईपी सुईट व अतिरिक्त कमरे बनने के बाद सुविधाएं बढ़ सकेगी।

### राज्यमंत्री ने बेहतरीन प्रयास किए हैं

उधर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि सिरोही सर्किट हाउस का उद्घाटन 30 अप्रेल 1989 को पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री ने किया था। इसके बाद नया निर्माण नहीं हुआ। वर्षों पहले बने भवन में सुविधा विस्तार की दरकार को देखते हुए राज्यमंत्री ने बेहतरीन प्रयास किए हैं। वर्तमान में अपर्याप्त कमरे हैं, जिससे आगंतुक व पर्यटक परेशानी झेल रहे हैं। नए सुईट व कमरे बनने के बाद सुविधाओं में बढ़ोतरी हो सकेगी।

# कृष्णगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** भाजपा कृष्णगंज मंडल की बैठक में मंडल अध्यक्ष हार्दिक देवासी ने कार्यकर्ताओं से नए नाम जुड़वाने का आग्रह किया। बैठक में माधुसिंह देवड़ा व भगवानाराम पुरोहित को दुपटटा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। पूर्व मंडल अध्यक्ष कूपाराम देवासी, मधुबन मेघवाल, वेलाराम पुरोहित, शैतानसिंह सोनगरा, पुरुषोत्तम रावल, दलपतसिंह, मोहनसिंह, पेराजराम देवासी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समितियां गठित कर कार्यकर्ताओं को सौंपा दायित्व

## भटियाणी माता मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** भटियाणी माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 23 से 25 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां की जा रही है। रविवार को महामंडलेश्वर माता स्वरूपा भारती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समितियां गठित कर कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए विभिन्न कमेटियां बनाई गई। इसमें साधु-संतों की व्यवस्था में छैलसिंह, राजेन्द्रसिंह व करणसिंह, यज्ञशाला कमेटी में पं. मृत्युंजय दवे, हितेंद्र ओझा व प्रशांत, जल व्यवस्था में जब्बरसिंह, भोजन व्यवस्था में रतनसिंह, वागाराम पटेल, लालसिंह राजपुरोहित, रमेशसिंह चौहान, सतनामसिंह, अमराराम कुम्हार, कमलेश सैन, छगनलाल, शोभायात्रा में विक्रमसिंह सोलंकी, शंकरसिंह परिहार, सुरेश सगरवंशी, बलवंतसिंह, कार्यालय प्रभारी किशन सैन व वगताराम राठौड़, पांडाल व भजन संध्या कमेटी में मांगूसिंह, राकेश पुरोहित, नरेंद्र ओझा, मीडिया व्यवस्था में जितेन्द्रसिंह बारड, रोहित खत्री, भरतकुमार व संजय वर्मा, प्रसार प्रचार के लिए गिरिश देवड़ा व सुरजीत सिंह, प्रशासनिक व्यवस्था में जब्बरसिंह चौहान, शंकरसिंह परिहार को शामिल किया गया है।

# श्री कृष्ण यादव सभा भवन में समाज सुधार और एकजुटता बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श



## भैरूलाल हुल्डा सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** समाज के सर्वांगीण विकास और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विशेष फोकस रखते हुए सोमवार को श्री कृष्ण यादव सभा भवन में अहीर की बावड़ी स्थित यादव समाज की महत्वपूर्ण महासभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के संरक्षक किशनलाल गुरुजी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के वरिष्ठ सदस्य भैरूलाल हुल्डा को पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत माला व साफा पहनाकर उपस्थित गणमान्य समाज बंधुओं द्वारा किया गया। महासभा में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, समाज सुधार और एकजुटता बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि जल्द ही एक विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा ताकि समाज में फिजूलखर्ची को रोका जा सके और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त तहसीलदार रामनिवास यादव, यादव समाज महामंत्री रामकरण यादव, शिम्भूदयाल गुरुजी, साधुराम आफरीया, बनवारी शास्त्री, मुलचंद खोस्या, बाबूलाल आफरीया, रामेश्वर भाटीया, सरदारमल यादव, उमराव यादव, बजरंग यादव, लालचंद यादव, गोवर्धन यादव, जगदीश बाबूजी, सीताराम महासी, किशनलाल बैरी, लादूराम सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। महासभा के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने समाज की उन्नति और युवा पीढ़ी के विकास हेतु निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।





सिरोही के समीप गोयली में अटल गौरव पथ पर पड़ी दरारें।

# काम पूरा ही नहीं हुआ और दरकने लगा दो करोड़ का अटल पथ

- गोयली में अटल गौरव पथ पर दरारों ने खोली गुणवत्ता की पोल
- जिम्मेदार बन रहे बेपरवाह और ठेकेदार चला रहा मनमर्जी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** गोयली में करीब दो करोड़ से बन रहा अटल गौरव पथ अभी से दरकने लगा है। पथ का निर्माण अभी चल रहा है और कुछ जगह दरारें आ चुकी है। दरारें सीसी रोड की गुणवत्ता की पोल खोलने को काफी है। 1200 मीटर लम्बाई में बनाए जा रहे गौरव पथ के लिए विभाग ने 190 लाख की स्वीकृति दी है, लेकिन कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। लिहाजा बनते-बनते ही सीसी रोड पर दरारें आने लगी है। इसे जिम्मेदारों की बेपरवाही कहे या ठेकेदार की मनमर्जी, लेकिन इतना तय है कि यह कार्य दो करोड़ का बजट मिट्टी में मिलाने को पर्याप्त है।

### मॉनिटरिंग को लेकर कोई संजीदगी नहीं

करीब दो करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस गौरव पथ की मॉनिटरिंग को लेकर निर्माण विभाग संजीदा नहीं लग रहा। कार्यस्थल पर विभागीय इंजीनियर तो दूर समुचित देखरेख तक नहीं हो रही। ऐसे में ठेकेदार के कार्मिक मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं। ऐसे में सीसी रोड पर दरारें आना तो स्वभाविक है।

### निर्धारित मापदंडों की हो रही अवहेलना

राज्य सरकार की महत्ती योजना होने के बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग निर्धारित मापदंडों की अवहेलना कर रहा है। अटल गौरव पथ बनाने में ठोस मॉनिटरिंग नहीं रखी जा रही। साथ ही कंक्रीट व सीमेंट का मसाला भी मनमर्जी से उपयोग किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि अटल गौरव पथ अभी से दरकना शुरू हो गया।

### दरारों पर पुताई और मामले में लीपापोती

माना जा रहा है कि गौरव पथ बनाने में गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया। जिस सीसी रोड पर बनते-बनते ही दरारें आ जाए वह कितने दिनों तक काम दे पाएगा आसानी से सोच सकते है। ग्रामीण बताते हैं कि इस तरह का कार्य करने वाली एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही इस पूरे कार्य की जांच करते हुए नए सिरे से निर्माण करवाने की दरकार है। अन्यथा दरारों पर सीमेंट की पुताई कर इस पूरे मामले पर ही लीपापोती कर सकते है।

### मैंने दरारें नहीं देखी...

देखरेख के लिए कार्य स्थल पर जाते ही है, लेकिन सीसी रोड पर हमने कहीं दरारें नहीं देखी। आपको पता हो तो हमें भी बताना।

# तालाबों में गंदगी आने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर किया सद्बुद्धि यज्ञ

## डीग एस्केप से निकले नाले से तालाबों में आ रही है बिना सेफ्टी टैंक वाले शौचालयों की गंदगी

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** डीग में विश्व प्रसिद्ध जलमहलों के तालाबों की बदहाली ,उनमें लगातार आ रहे गंदे पानी और मछलियों की मौत के विरोध में चल रहा धरना-प्रदर्शन के 40वें दिन रविवार को जारी रहा। एड्रियन भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा और के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने पंडित गोपाल प्रसाद शर्मा के मंत्रों च्चारण के साथ प्रशासन की अनदेखी के विरोध में 'सद्बुद्धि यज्ञ' कर रोष जताया। गिरीश शर्मा ने कहा है कि यदि इस समस्या शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो प्रशासन की उदासीनता के विरोध में वह भूख हड़ताल जैसा कदम उठाने को मजबूर होंगे। धरना प्रदर्शन कर रहे युवाओं का कहना था कि डीग शहर के मोरी मोहल्ला ,बंधा रोड के सैकड़ों घरों का गंदा पानी और गंदगी डीग एस्केप से निकले नाले के माध्यम से सीधे तालाबों में गिर रही है। इन क्षेत्रों में कई घरों में शौचालय टैंक तक नहीं बने हैं, जिससे मल-मूत्र और गंदगी तालाबों में आ रही है। उन्होंने कहा कि अधिक मास में होने वाली 84 कोस परिक्रमा के दौरान लाखों परिक्रमार्थी इन्हीं तालाबों में स्नान करते हैं और इनके दूषित जल को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। वहीं प्रति दिन जल महलो को देखने आने वाले हजारों पर्यटक भी बदबूदार पानी देखकर निराश लौटते हैं। जबकि तालाबों की सफाई को लेकर नगर परिषद, पुरातत्व और सिंचाई विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। शर्मा ने कहा कि डीग एस्केप की सफाई की जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है। पुरातत्व विभाग तालाब हमारे विभाग के अंतर्गत नहीं होने की कह कर पल्ला झाड़ रहा है। जबकि नगर परिषद ने तालाब सौंपने पर 'सेल्फी पॉइंट' बनाने की बात कही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक गटर का पानी तालाबों में आना बंद नहीं होता और घाटों की सफाई नहीं होती, तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## जनप्रतिनिधि होते हुए भी प्रशासनिक मंच पर पहुंची जनता, प्रागपुरा में डीआईजी की जनसुनवाई

# जागरूक नागरिकों की भागीदारी से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव : देवेन्द्र कुमार बिश्नोई

## संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस अथवा 100 नंबर पर देने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** विभागीय पदोन्नति समिति की रिपोर्ट के आधार पर उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर पदोन्नत हुए वर्तमान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने शनिवार को प्रागपुरा थाना परिसर में जनसुनवाई आयोजित कर आमजन से सीधा संवाद किया। डीआईजी पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार प्रागपुरा पहुंचे बिश्नोई को पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया।



जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण रहा, लेकिन इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष चर्चा में ला दिया। प्रदेश में भाजपा की सरकार होने तथा क्षेत्र के सांसद और विधायक भी भाजपा से जुड़े होने के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं का अपनी समस्याएं लेकर प्रशासनिक मंच पर पहुंचना यह संकेत देता नजर आया कि आमजन और कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने के लिए प्रशासनिक संवाद को अधिक प्रभावी माध्यम के रूप में देखना पड़ रहा है। इस स्थिति ने सत्ता, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के आपसी समन्वय को लेकर विमर्श की आवश्यकता भी रेखांकित की। जनसुनवाई के दौरान डीआईजी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने आधा दर्जन से अधिक परिवारों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कम्युनिटी पुलिसिंग को सशक्त कानून व्यवस्था की नींव बताते हुए कहा कि जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस अथवा 100 नंबर पर देने की अपील की।

एएसपी नाजिम अली ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, चौकीदार रखने तथा पुलिस को सक्रिय सहयोग देने पर जोर दिया। वहीं विराटनगर डीएसपी उमेश निठारवाल एवं प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की।

इस अवसर पर रमेश कुमार बंसल उर्फ लाला, एडवोकेट पंकज यादव, मुखराम धनखड़, ओपी बायला, पप्पू स्वामी, ओमपाल सिंह सहित अन्य लोगों ने साफा बांधकर एवं बुके भेंट कर डीआईजी बिश्नोई का स्वागत किया। जनसुनवाई में पावटा भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, कारोली के पूर्व सरपंच श्रवण सिंह, राजेंद्र यादव, भीम सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय समस्याएं रखते हुए उनके समाधान की मांग की। बैठक में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग भी प्रमुखता से उठी।

# दो दिवसीय रोटरी लीडरशिप ट्रेनिंग कोर्स पार्ट-1 और पार्ट 2 सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब उदय की ओर से एक निजी होटल में दो दिवसीय रोटरी लीडरशीप ट्रेनिंग कोर्स पार्ट-1 व पार्ट-2 आयोजित किया गया। जिसमें जयपुर, दौसा और उदयपुर के विभिन्न क्लबों के 20 प्रतिभागियों सदस्य शामिल हुए। समारोह की मुख्य अतिथि प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता की गरिमामयी उपस्थिति ने इसे और भी रोमांचक बना दिया।

समारोह में पीडीजी निर्मल सिंघवी, पीडीजी डॉ. निर्मल कुणावत, डीजीएनडी दीपक सुखाड़िया और एजी राजेश चुघ ने भी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटे. राघव भटनागर, आरएलआई ट्रेनिंग प्रोग्राम चेयर रोटेरियन डॉ. रितु वैष्णव, क्लब सचिव रोटेरियन ललिता पुरोहित और क्लब सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आरएलआई समन्वयक और जिला अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. सीमा सिंह ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी साझा की। रोटेरियन सीएम बेंद्रे, रोटेरियन गीतिका सलूजा,रोटेरियन डॉ. सीमा सिंह, रोटेरियन डॉ. रितु वैष्णव, रोटेरियन शालिनी और रोटेरियन ऐश्वर्या सिंह ने संबोधित किया। दो दिनों में 12 विषयों पर इंटरैक्टिव और पार्टिसिपेटिव तरीके से चर्चा की गई।



आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के बारे में गहन रूप से विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने रोटरी के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपने विचार साझा किए।

समापन कार्यक्रम में डिस्ट्रिक गवर्नर प्रज्ञा मेहता और असिस्टेंट गवर्नर राजेश चुघ द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर रोटारियन डॉ. सीमा सिंह ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और रोटारियन ललिता पुरोहित ने धन्यावाद ज्ञापन किया।

यह कार्यक्रम रोटरी के सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव था, जिसमें उन्होंने रोटरी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त की और अपने नेतृत्व कौशल को विकसित किया। क्लब की चार्टर अध्यक्ष शालिनी भटनागर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# मोहन लाल सैनी ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त



**पावटा (नि.स.)।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरिजेश मिल्की और प्रदेश प्रभारी डॉ. फरजाना खान ने राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार योगी की अनुशंसा पर संविधान एवं संघ विधान में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए खेलना के मालियों की ढाणी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी को कोटपूतली-बहरोड़ जिले में ओबीसी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर समाज के विभिन्न गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर रामकरण खडोलिया, मुकेश कुमार तंवर, मनोज कुमार सैनी, सुरेंद्र कुमार योगी, भीमराज सैनी, बिल्लू राम सैनी, रोशन लाल सैनी, महेंद्र कुमार तसीड़, अनिल गुढा, एडवोकेट बी. एल. आर्य, लालाराम जाट सहित अन्य लोगों ने बधाई प्रेषित की और नियुक्ति पर अपनी खुशी जाहिर की। समाज बंधुओं ने इस नियुक्ति को ओबीसी समाज के सशक्तिकरण और युवाओं में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने वाला कदम बताया।

# खेलों से टीम भावना अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है:भगत सिंह

## क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बहज की टीम में भरतपुर को59 रन से पराजित कर जीती ट्रॉफी




बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड द्वारा डीग के किशनलाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में अजेय वीर योद्धा महाराजा सूरजमल के 262वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बहज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भरतपुर की टीम को 59 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि भगत सिंह लोहागढ़ द्वारा विजेता बहज की टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपये नकद व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता भरतपुर टीम को 51 हजार रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बहज टीम के कप्तान राहुल फौजदार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बहज टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवरों में सशक्त खेल का प्रदर्शन करते हुए भरतपुर के सामने 167 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए भरतपुर की टीम दबाव में आ गई और पूरी टीम मात्र 9 ओवरो में 108 रनों पर सिमट गई, जिससे बहज टीम ने मुकाबला 59 रनों से अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच कप्तान राहुल बहज रहे, जबकि पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज जय सिंह बहज को चुना गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भगत सिंह लोहागढ़ ने अपने संबोधन में युवाओं को खेलों के प्रति सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड की टीम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में दिनेश सिनसिनी , महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष बी के बहज, उपाध्यक्ष हेमंत सिनसिनी, जिला महासचिव पदमसिंह महमदपुर, जिला मीडिया प्रभारी कमल अऊ गेट, बसंत गिरसे, गौरव बहज, चंद्रवीर, विशांत सिनसिनी, नवीन, तरुण, दिग्विजय सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व युवा मौजूद रहे।

# जयपुर में सेना दिवस परेड का आयोजन प्रदेश के लिए गर्व एवं हर्ष का विषय-मुख्य सचिव

## सेना दिवस परेड-2026 की तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित होने जा रही सेना दिवस परेड-2026 के दिव्य एवं भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने रविवार को महल रोड, जगतपुरा स्थित आयोजन स्थल का दौरा कर सेना दिवस परेड की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर मैप्स एवं चार्ट के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड का जयपुर में आयोजन पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इसे राष्ट्रीय स्तर की



गरिमा के अनुरूप आयोजित किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान सरकार सेना दिवस परेड-2026 के सफल आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, दर्शक दीर्घा एवं मंच व्यवस्था,

**जगतपुरा में आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



स्वच्छता, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, चिकित्सा सेवाएं तथा आपातकालीन प्रबंधन को लेकर विशेष निर्देश दिए। साथ ही, आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूर्व तैयारी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासन एवं सेना के अधिकारियों से फील्ड-लेवल तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए।

इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव श्री नवीन जैन, जिला कलक्टर जयपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त नगर निगम डॉ. गौरव सैनी, मेजर जनरल अमर रामदासानी, मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा, ब्रिगेडियर सुरेन्द्र सिंह शेखावत, ब्रिगेडियर संजय शर्मा एवं कर्नल सुभाष बसेरा सहित प्रशासन एवं सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

नृत्यम फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी घोषित

## कला व संस्कृति के संरक्षण को लेकर पदाधिकारियों ने लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नृत्यम फाउंडेशन की बैठक रविवार को अलाईन योगा स्टूडियो, स्वेज फार्म रोड, सोडाला में आयोजित की गई। बैठक में फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई। नियुक्तियों के तहत काजल सैनी को नृत्यम फाउंडेशन का संस्थापक नियुक्त किया गया। मीनाक्षी जयसवाल को मुख्य संरक्षक, जबकि संतोष जाखड़ और सुमन सैनी को संरक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अर्चना भार्गव को उपाध्यक्ष तथा एस.एन. माली को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त सुनिता सैनी एवं सरिता सैनी को संयुक्त सचिव, रेणु सैनी को कोषाध्यक्ष तथा किशोरी जाट और इंदिरा सैनी को सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नृत्य, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन को अधिक सक्रिय, सशक्त और प्रभावी बनाने को लेकर भावी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## लोडिंग वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना इलाके में तेज रफ्तार लोडिंग



वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में युवक को राहगीरों ने उपचार के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक आयुष गोस्वामी (25) कुम्भा मार्ग प्रताप नगर रहने वाला था और जॉब करता था। घटनाक्रम के अनुसार वह रात के समय पटेल मार्ग से बाइक लेकर नारायण विहार जा रहा था। तभी ओम पैराडाइज के पास लोडिंग वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने वाहन जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पॉक्सो एक्ट में ग्यारह माह से वांछित चल रहा इनामी बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में करीब ग्यारह महीने से वांछित चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित से फरार काटने और उसका साथ देने वालों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज राज ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 माह से पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे गोविंद सैनी उर्फ गोलू (25) निवासी बुहाना जिला झुंझुनू हाल गजसिंहपुरा नारायण विहार निवासी को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी लखन सिंह खटाणा ने बताया कि इस संबंध में परिवादी ने मामला दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एक्शन लिया और 7 फरवरी 2025 को नाबालिक बच्ची को दस्तयाब कर लिया। इसी दौरान आरोपी गोविंद सैनी उर्फ गोलू अपनी पहचान छुपाकर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। जिसके बाद आरोपी की तलाश में पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने आरोपी पर इनाम घोषित किया गया। विशेष टीम ने शनिवार को आरोपी को दबोच लिया।

## दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन शातिर बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गलता गेट थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को धर—दबोचा है। जिसमें एक बाल अपचारी शामिल है। इसके साथ ही पुलिस ने इन आरोपियों के पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन (बाइक) भी बरामद की हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने के आदि है और नशे की लत के लिए सुनसान इलाकों में खड़े दुपहिया वाहनों की रैकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश मोहम्मद शाहीद (25) और सलमान खान (25) को गिरफ्तार किया गया है और एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया है। तीनों ही आरोपित आमेर के रहने वाले है। जिनके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी नशे के आदी हैं और शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात करते थे। उन्होंने पूछताछ में कानोता,आमेर,रामगंज गलता गेट जयसिंह पुरा खोर से सात वाहन ई-रिक्शा चोरी करना कबूला है। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस को अन्य चोरी की वारदातों के खुलासे की भी उम्मीद है।

## नकबजनी की वारदात करने वाला शातिर नकबजन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन को धर-दबोचा है और उसके पास से नकबजनी की दौरान चुराया गया सामान भी बरामद कर लिया गा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि चाकसू थाना पुलिस ने तीन जनवरी को हुई नकबजनी के मामले में कार्रवाई करते हुए शातिर नकबजन चतरू सैनी (22) निवासी चाकसू जयपुर को गिरफ्तार उसके पास से चोरी किए गए बिजली फिटिंग का सामान बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## आरबीएसके की सतर्कता से नन्हे रुद्र को मिला नया जीवन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के मार्गदर्शन में तथा आरसीएचओ डॉ. आशा मीना एवं डीईआईसी संगीता शर्मा के प्रभावी समन्वय से संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रेरणादायी एवं जीवनरक्षक सफलता सामने आई है। आरबीएसके के तहत शहरी क्षेत्र में की गई नियमित स्क्रीनिंग के दौरान रुद्र नामक एक नन्हे बच्चे में गंभीर सीएचडी (जन्मजात हृदय रोग) की पहचान की गई। बच्चे की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शहरी टीम के चिकित्सक डॉ. कैलाश गर्ग एवं डॉ. आशीष गढ़वाल द्वारा बिना किसी विलंब के उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर किया गया।

## कठपुतली नगर में जरुरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री किट किए वितरित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में समग्र सेवा मिशन संस्थान की ओर से पूर्व की भांति रविवार को भी खाद्य सामग्री किट का वितरण किया गया। जिसमें विधवा, असहाय एवं जरुरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री के किट वितरित कर सामाजिक सरोकार निभाए। कार्यक्रम आयोजक एवं सर्व समाज विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक के अनुसार आज यहां बस्ती एवं आसपास के जरुरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री के किट वितरित किए गए। इस मौके पर अतिथि तथा समग्र सेवा मिशन संस्था के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा, समिति अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महामंत्री गजानंद खींची, पार्षद प्रत्याशी हेमराज खींची, विनोद भाट, अरुण



गोगलिया, विष्णु सिरसिया, गोविंद खोड़ आदि ने जरुरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री के किट वितरित किए। संस्था अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एंटी गेंगस्टर टास्क फोर्स) सिद्धांत शर्मा के अनुसार ये किट हर महिने दिए जा रहे है। जिसमें प्रतिमाह विधवा महिलाओं एवं जरुरतमंद परिवारों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। सिद्धांत शर्मा ने कहा कि उक्त सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। वहीं भाजपा कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. ओपी टांक ने कहा कि समग्र सेवा मिशन संस्था की ओर से किए जा रहे सेवाभावी कार्यों में हम सभी की भागीदारी निरंतर जारी रहेगी तथा संस्था द्वारा किए जा रहे उक्त कार्यों की जरुरतमंद परिवार तहेदिल से प्रशंसा कर रहे है। ऐसे सेवाभावी कार्य समग्र सेवा मिशन के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा द्वारा जारी रखे जाने के निरंतर प्रयास रहेंगे, वहीं इन्हें इस नेक कार्य के लिए ईश्वर प्रतिफल देगा।

## गायत्री मंदिर पर पौषबड़ा एवं बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** शहर के राधाबाग कॉलोनी में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ संस्थान पर 3 कुंडीय रविवारीय यज्ञ के पश्चात साथ पौष बड़ा का कार्यक्रम किया गया। साथ ही ट्रस्ट कार्यकारिणी एवं कार्यकर्ताओ की बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें चौमू थानाधिकारी प्रदीप शर्मा का डिप्टी के पद पर पदोन्नति होने पर गायत्री परिवार ट्रस्ट कमेटी द्वारा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। वहीं राजकुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान में गायत्री मंदिर परिसर का जीर्णोद्वार किया जा रहा है जो कि आगे चलकर चौमू क्षेत्र का रचनात्मक कार्यों एवं संस्कारों का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा। भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है जिस हेतु भामाशाह बढ़ चढक़र सहयोग कर रहे है। ट्रस्ट उपाध्यक्ष एड. जितेन्द्र बिजावत ने बताया कि जो भी परिजन जीर्णोद्वार के कार्य में सहयोग करना चाहते है वे स्वैच्छिक अंशदान कर सकते है और अनुदान रसीद प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम में आए सभी गायत्री परिजनों का ट्रस्ट अध्यक्ष विनेश अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया । इस दौरान सावरमल अग्रवाल, रामधन टाक, रामबाबू सैन, उमराव यादव, मनोहर गुप्ता, पवन माहेश्वरी ,भवानी सिंह, सुरेश विजय, हरीश कुमावत,दिनेश खेमावाला , मदन विजय,महेंद्र विजय, दीनदयाल पारीक , मुकेश जिंदल, नरेश जिंदल,नागरमल छीपा, बंशीधर शर्मा, श्रीराम बटवाल, सालिगराम अग्रवाल, राजेंद्र सैन और परिव्राजक दयाराम राजपाल सहित आदि परिजन उपस्थित रहें।

## झालावाड़ से मादक पदार्थ लाकर जयपुर में सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आमेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर उत्तर ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 106 ग्राम 05 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित झालावाड़ से जयपुर में मादक पदार्थ की सप्लाई करने आया है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत आमेर थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले दानमल तंवर (25) निवासी अकलेरा जिला झालावाड़ को बिलाल मजिस्द फतेपुरी फार्म हाउस ठाठर आमेर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को तलाशी में उसके पास 106 ग्राम 05 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और इलेक्टानिक कांटा मिला है, वहीं जब्त की गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए आंकी गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित यह स्मैक बनवारी तंवर निवासी अकलेरा जिला झालावाड़ से लेकर जयपुर में सप्लाई करना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद—फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## श्री नंगलेश्वर महादेव मंदिर में विशाल पोष बड़ा महोत्सव हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** नांगल कोजू ग्राम पंचायत के श्री नंगलेश्वर महादेव मंदिर में विशाल पोष बड़ा का आयोजन किया गया। यह आयोजन चिरंजी लाल गुप्ता व संगीता देवी गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुबह मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया और बाबा महाकाल की तर्ज पर भगवान शिव की फूल बंगला झांकी सजाई गई। इसके बाद प्रसादी का भोग लगाकर लोगों को पंगत प्रसादी वितरित की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की । इस अवसर पर हरिनारायण गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## भैरु बाबा के लगाया पौष बड़ों का भोग

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** भैरुजी मंदिर परिसर में पौष बड़ा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भैरु बाबा को पकोड़ी व हलवे का विशेष भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भैरु बाबा की प्रतिमा का आकर्षक एवं भव्य विशेष श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम संयोजक चंद्रशेखर सैनी ने बताया कि पौष बड़ा वितरण कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर देर शाम तक चला। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं को दोना प्रसादी वितरित की गई। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व आस्था के साथ भैरु बाबा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

**जौहरी किंग की ग्लोबल वीपील-9 में लीग मुकाबले में बड़ी जीत के साथ शानदार शुरुआत**

## जौहरी किंग ने आसान मुकाबले में रेलमगरा रॉयल्स को 113 रन से हराया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** लीग मुकाबला ग्लोबल वीपीएल सीजन 9 में आज रविवार 04/01/2026 को मुकाबला जौहरी किंग और रेलमगरा रॉयल्स के बीच खेला गया जिसमें जौहरी किंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और अपने निर्णय को सही करते हुए जौहरी किंग ने पहले खेलते हुए 15 ओवर में चार विकेट खोकर 144 रन बनाएं जिसमें सबसे ज्यादा रन जौहरी किंग के कप्तान नितेश विजय 59 रन पर 30 गेंदो पर 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से बनाकर नॉट आउट रहे ।जौहरी किंग ने तेज़ और अच्छी शुरुआत की। निखिल विजय और अंकुर विजय ने पहले विकेट के लिए 2.2 ओवर में 28 रन बनाये । उसके बाद रेलमगरा ने अच्छी वापसी करते हुए पहले निखिल



विजय को 17 रन और समीर विजय को 0 रन पर आउट करके मैच में वापसी की उसके बाद कप्तान नीतीश विजय और अंकुर विजय ने पारी को संभालते हुए अपनी टीम के लिए तेज़ी से रन बटोरे। अंकुर विजय 21 रन बनाकर आउट हुए । नीतीश विजय का साथ देने के लिए अंचल विजय आये और दोनों ने तेज़ी से रन बनाते हुए टीम का स्कोर 144/4 पहुँचाया।

**जौहरी किंग ने बल्लेबाजी के अलावा क्षेत्ररक्षण और गेंदबाज़ी में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया**

मीत विजय 3 ओवर में 12 रन देकर 3 विकिट लिए, विकास विजय ने 2 ओवर में 9 रन देकर 2 विकिट लिए अनिकेत विजय ने 1.2 ओवर में 6 रन देकर 3 विकिट लिए, ईशान विजय ने 1 ओवर में 4 रन देकर 2 विकिट लिए, रेलमगरा रॉयल्स का गेंदबाज़ी, बल्लेबाज़ी और क्षेत्ररक्षण बहुत ही औसत स्तर



का रहा । उनकी टीम बल्लेबाज़ी में पूरी तरह से ताश के पत्तों की तरह 31/10 रन बनाकर 7.2 ओवर में ही ढेर हो गयी। जौहरी किंग के कप्तान नीतीश विजय को बल्लेबाज़ी में शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। डॉ दिनेश दुब्बी की अनुपस्थिति में आज के मैन ऑफ द मैच वितरण कार्यक्रम की जिम्मेदारी मनोज तालचिडी ने सम्भाली। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार वितरण में रेलमगरा से आये हुए गौरव विजय, यश विजय के अलावा राज विजय, राजेंद्र विजय दुब्बी, बनवारी लाल विजय बांदीकुई, राकेश विजय तलाव वाले, नन्हे प्रसंशक आकाश उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# ट्रंप की दादागीरी, वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उठाया

अमेरिकी सेनाएं वेनेजुएला पर हमला करके वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी समेत जिस तरह उठा लाईं, वह राष्ट्रपति ट्रंप की मनमानी की पराकाष्ठा है। ट्रंप ने सैन्य एवं आर्थिक शक्ति के मामले में अमेरिका के मुकाबले कहीं अधिक कमजोर देश में दादागीरी दिखाकर यही साबित किया कि उनका जोर दुर्बल देशों पर ही चलता है। उन्होंने यह आरोप लगाकर वेनेजुएला पर हमला किया कि वहां से अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी हो रही थी और निकोलस मादुरो की दमनकारी नीतियों से इस देश के लोग अवैध तरीके से उनके यहां आ रहे थे। यह एक बहाना ही अधिक है, क्योंकि अमेरिका में न तो नशीले पदार्थ केवल वेनेजुएला से आते हैं और न ही वहां के लोग। यह भी ध्यान रहे कि ट्रंप ने इसके प्रमाण नहीं दिए कि वेनेजुएला के अपराधियों के गिरोह मादुरो की शह पर अमेरिका के खिलाफ आतंकियों की तरह काम कर रहे थे। इस बारे में मादुरो ने ट्रंप से वार्ता का प्रस्ताव भी रखा था, पर उन्होंने उसकी अनदेखी कर दी। ऐसे में यही लगता है कि ट्रंप इससे चिढ़े हुए थे कि सबसे अधिक तेल भंडार वाले देश का राष्ट्रपति उनके मनमाने रवैये के समक्ष झुकने को तैयार नहीं था। अमेरिका और वेनुजएला के संबंध तबसे बिगड़े, जब वहां वामपंथी रुझान वाले शासक सत्ता में आए और उन्होंने कच्चे तेल और खनिज के स्रोतों का राष्ट्रीयकरण करना शुरू किया। इससे अमेरिकी तेल कंपनियों को वेनेजुएला से बाहर होना पड़ा। ट्रंप मादुरो से इसलिए और भी खार खाए हुए थे, क्योंकि उन्होंने रूस और चीन से संबंध प्रगाढ़ कर लिए थे। चूंकि ट्रंप का रूस और चीन पर जोर नहीं, इसलिए उन्होंने वेनेजुएला को निशाना बना लिया। यह सही है कि निकोलस मादुरो चुनावों में धांधली करके सत्ता में आए और एक तरह से तानाशाही शासन चला रहे थे, लेकिन क्या वे ऐसे इकलौते शासक हैं? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ट्रंप किस्म-किस्म के तानाशाहों और यहां तक सीरिया में काबिज हुए आतंकी सरगना को भी गले लगा रहे हैं। वे पाकिस्तान के अघोषित तानाशाह आसिम मुनीर की भी पीठ थपथपा रहे हैं और वह भी इसके बावजूद कि वे आतंकी संगठनों को पाल रहे हैं। पाकिस्तान अमेरिका को धोखा तो देता ही रहा है, वह उन देशों में भी प्रमुख है, जहां से बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी होती है। यह तस्करी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी की शह से होती है, लेकिन ट्रंप की नजर में पाकिस्तान महान देश है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद बेलगाम होकर विश्व



व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर रहे ट्रंप अपने साथ अमेरिका की भी फजीहत करा रहे हैं। वेनेजुएला पर हमला करके उन्होंने बची-खुची नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अराजकता की ओर धकेल दिया है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 05 जवनरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2020 - न्यूजीलैंड के बल्लेबाज लियो कार्टर ने एक ओवर में छ: छक्के लगाए। यह कीर्तिमान बनाकर विश्व के सातवें बल्लेबाज के रूप में उन्होंने क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। कार्टर के अलावा अब तक वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स, भारत के रवि शास्त्री और युवराज सिंह, दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स, इंग्लैंड के रॉस विटाली और अफग़ानिस्तान के हजरतुल्ला जज़ई ने एक ओवर में छ: छक्के लगाये हैं।
- भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने 457.468 बिलियन के उच्च स्तर को छुआ।
- 2014 - भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-14 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। जीसैट -14 में भारत में निर्मित क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल हुआ था।
- 2010 - 'हरित राजस्थान अभियान' के तहत डूंगरपुर ज़िला प्रशासन द्वारा ज़िले भर में फैली बंजर पहाडियों की हरितिमा लौटाने के लिए 11 अगस्त व 12 अगस्त, 2009 को किए गए 6 लाख से अधिक पौधारोपण की मुहिम को 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में सम्मिलित कर लिया गया।
- 2009 - नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के ये मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- 2008 - यूरोपीय संघ (ईयू) ने पाकिस्तान में चुनाव पर्यवेक्षण अभियान पूर्णरूप से शुरू किया।
- उत्तर प्रदेश में वैट अध्यादेश लागू होने के आद 'उत्तर प्रदेश व्यापार कर एक्ट', 1948 समाप्त। 'भारतीय स्टील प्राधिकरण लिमिटेड'(सेल) के 'लौह एवं स्टील अनुसंधान एवं विकास केन्द्र' को वर्ष 2008 का 'गोल्डन पीकाक इनोवेटिव प्रोडक्ट्स सर्विस पुरस्कार' के लिए चुना गया।
- पाकिस्तान के सूबा-ए-सरहद प्रान्त के गवर्नर ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया। यूरोपीय संघ (ईयू) ने पाकिस्तान में चुनाव पर्यवेक्षण अभियान पूर्णरूप से शुरू किया।
- 2007 - तंजानिया की विदेश मंत्री आशा रोज मिगरो संयुक्त राष्ट्र की उपमहासचिव नियुक्त।
- 2006 - भारत और नेपाल ने पारगमन संधि की अवधि को 3 महीने के लिए बढ़ाया।

## विशेष आलेख

# क्या पश्चिम बंगाल में राजनीतिक से बढक़र संस्कृति को बचाने की लड़ाई है!



रामस्वरूप रावतसरे

बंगाल से लगातार हो रहे घुसपैठ और उसकी वजह से हो रहा डेमोग्राफ्री बदलाव देश के लिए खतरनाक है। बंगाल की संस्कृति और उसकी पहचान को इससे खतरा पैदा हो गया है। राजनीतिक संरक्षण में हो रहा ये घुसपैठ बंगाल चुनाव के लिए ही अहम नहीं है, बल्कि इससे देश की सुरक्षा, संप्रभुत्ता जुड़ी हुई है। इसलिए भाजपा नेता बीएल संतोष ने देश को बचाने के लिए बंगाल चुनाव को जीतने पर बल दिया है। भाजपा नेता बीएल संतोष के अनुसार हमारे लिए बंगाल सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि एक सभ्यता को बचाने की लड़ाई है। उनका मानना है कि भारत को बचाने के लिए बंगाल को बचाना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल में डेमोग्राफी बदलावों को रोकना और हर हाल में सरकार बनाना उनका लक्ष्य है, जिसे वे भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं।

बीएल संतोष बंगाल चुनाव को सियासी लड़ाई से बढक़र बंगाल की संस्कृति और पहचान को बचाने की लड़ाई से जोडकर देखते हैं। बंगाल में लगातार हिन्दुओं का पलायन हो रहा है। यहाँ कट्टरपंथियों द्वारा हिन्दु त्यौहारों का कई बार विरोध किया गया। कई बार दुर्गापूजा विसर्जन और मुहर्रम के जुलूस एक दिन होने पर विसर्जन की तारीख बदल दी गई।

प्रशासन ने दुर्गापूजा उत्सव को कैंसिल कर दिया। यही हाल राम नवमी जुलूस पर भी रहा। कई जगहों पर हिंसा और झड़पें हुई। होली- दिवाली जैसे पर्व मनाने के दौरान भी कई बार विवाद हुए। मार्च 2025 में बसंत उत्सव के दौरान शांतिनिकेतन के सोनाझुरी हाट में पर्यावरण संरक्षण का हवाला देते हुए होली समारोह पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस पर काफी बवाल भी हुआ। बंगाल में 2011 की जनगणना के मुताबिक, पूरे देश में हिन्दू आबादी घटी है। ये करीब 0.7 फीसदी कम हुई है जबकि पश्चिम बंगाल में हिन्दू आबादी 1.94 फीसदी घटी है। यहाँ मुस्लिम आबादी में 0.8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। ये तो 2011 के आंकड़े हैं। इससे पता चलता है कि राज्य में मुस्लिम की तुलना में हिन्दुओं की संख्या तेजी से घट रही है। इस बीच लगातार घुसपैठ बढ़ी है। ये घुसपैठिए बंगाल के गाँव में घुस कर अपनी पैठ जमा लेते हैं। धीरे धीरे टीएमसी के संरक्षण में पहचान पत्र प्राप्त कर लेते हैं और भारत का नागरिक बन जाते हैं। यही वजह है कि बंगाल में 2001 में मुस्लिम आबादी 25 फीसदी थी, जो 2011 में बढक़र 27 फीसदी के पार जा चुकी थी। बंगाल की 9.5 करोड़ की आबादी में करीब 2.5 करोड़ मुस्लिम हैं। ये दर्शाता है कि घुसपैठ कितना बड़ा सिरदर्द है।

दरअसल पश्चिम बंगाल में एक घुसपैठिए एक वोटर की तरह है। बांग्ला भाषी होने की वजह से गाँव गाँव में फैले होते हैं। ये लोग पूरे बंगाल में मौजूद हैं, लेकिन बांग्लादेश से सटे मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर जैसे इलाकों में इनकी संख्या 50 फीसदी तक पहुँच चुकी है। इसके अलावा उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना क्षेत्र में इसकी संख्या और ज्यादा है। मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास कर चुके पूर्व टीएमसी विधायक हुमायूँ कबीर के मुताबिक मुर्शिदाबाद में 70 फीसदी मुस्लिम आबादी है। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि बंगाल में डेमोग्राफी में कितना बदलाव आया है। जानकारों के अनुसार यह कोई इत्तफाक से नहीं है, बल्कि राजनीतिक संरक्षण में किया गया एक सुनियोजित और व्यवस्थित बदलाव है। 46 विधानसभा क्षेत्रों में, केवल एक दशक के भीतर मतदाताओं की जनसंख्या में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इनमें से ज्यादातर वे जिले हैं, जो बांग्लादेश से सटे हुए हैं। इससे पता चलता है कि डेमोग्राफी में कितना बदलाव आया है। डेमोग्राफी बदलावों की वजह से सामाजिक तनाव और ध्रुवीकरण बढ़ा है। हिन्दू परिवारों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है। हिन्दुओं पर हमले बढ़े हैं।

बंगाल में हिंदू परिवारों का लगातार पलायन हो रहा है और पारंपरिक त्योहारों व सांस्कृतिक रीति रिवाजों पर इसका असर पड़ रहा है। बंगाल की मूल पहचान को खतरा पैदा हो रहा है। हाल ही में मुर्शिदाबाद में पूर्व टीएमसी विधायक ने बाबरी मस्जिद बनाने के लिए शिलान्यास किया है। यहाँ बड़ी संख्या में मुस्लिम पहुँच रहे हैं।

अब सवाल ये उठता है कि बाबर जैसे आक्रांताओं के नाम पर मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनाने का क्या औचित्य है। जब राम जन्मभूमि के निर्माण के साथ ही बाबरी मस्जिद का नामोनिशान मिट गया तो फिर बाबर के नाम पर बंगाल में मस्जिद बनाना सामाजिक समरसता को कमजोर ही करता है। मुस्लिम तुष्टिकरण की वजह से ममता सरकार इसे रोक भी नहीं रही है। बल्कि खुद हुमायूँ कबीर ने बताया है कि बंगाल पुलिस उनकी मदद कर रही है। माना जाता है कि राज्य की 294 सीटों में से 80-100 सीटों पर मुस्लिम वोट निर्णायक माने जाते हैं। ऐसे में ममता सरकार लगातार घुसपैठिए को संरक्षण देकर अपना वोट बैंक पुख्ता करने में लगी है। कहा ये भी जाता है कि 2011 और 2016 के चुनाव में ममता बनर्जी की सरकार इन घुसपैठियों के बदौलत ही सत्ता तक पहुँची। इससे पहले 2006 तक ये वोट बैंक लेफ्ट के साथ था। बंगाल के घुसपैठ का असर असम, त्रिपुरा से लेकर बाकी पूर्वात्तर राज्यों में भी पड़ा है। इसलिए असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि घुसपैठियों के बंगाल द्वार को बंद करना देश के लिए बेहद जरूरी है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, यही असली बात है। असम और त्रिपुरा घुसपैठ के खिलाफ लड़ रहे हैं, वहीं बंगाल घुसपैठियों के लिए अपने दरवाज़े खोल रहा है। हमें पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश बॉर्डर पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। होम मिनिस्टर ने एक नेशनल ग्रिड का प्रस्ताव दिया है; हम इसका स्वागत करते हैं।

बंगाल में घुसपैठ देश की सुरक्षा के लिए भी खतरनाक है। अक्सर घुसपैठिए अवैध कारोबार में संलिप्त होते हैं। अवैध हथियार से लेकर नशे के कारोबार में इनकी भूमिका पाई जाती है। आतंकवाद से लेकर स्थानीय अपराध तक में घुसपैठिए संलिप्त पाए गए है। ऐसे में भाजपा नेता बीएल संतोष के अनुसार देश की सुरक्षा एवं बंगाल की पहचान और संस्कृति के संरक्षण के लिए बंगाल से ममता सरकार का जाना जरूरी है।

# वेनेजुएला प्रकरण: महाशक्तियों की नस पर चढ़ता तेल



प्रो. आरके जैन

*ट्रम्प ने साथ ही यह स्पष्ट किया कि वेनेजुएला का शासन और संक्रमण प्रक्रिया अब अमेरिका के 'नियंत्रण' में होगी। यह कदम मात्र सैन्य हस्तक्षेप नहीं, बल्कि ऐसा भू-राजनीतिक विस्फोट है जो तेल कीमतों को हिला सकता है।*

3 जनवरी 2026 की सुबह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई। वॉशिंगटन से आई एक घोषणा ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को झकझोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिकी सेनाओं ने व्यापक सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। और उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है जहाँ नार्को-टेररिज्म के आरोपों पर ट्रायल होगा। ट्रम्प ने साथ ही यह स्पष्ट किया कि वेनेजुएला का शासन और संक्रमण प्रक्रिया अब अमेरिका के 'नियंत्रण' में होगी। यह कदम मात्र सैन्य हस्तक्षेप नहीं, बल्कि ऐसा भू-राजनीतिक विस्फोट है जो तेल कीमतों को हिला सकता है और वैश्विक संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करेगा। दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देश में अमेरिकी प्रभाव की यह सीधी स्थापना रूस, चीन और ईरान के लिए खुला संकेत है। यह संकट केवल ऊर्जा बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव को भी चुनौती देगा, जहाँ पेट्रोडॉलर की शक्ति और ब्रिक्स की आकांक्षाएँ आमने-सामने खड़ी हैं। वेनेजुएला का संकट अचानक नहीं, बल्कि वर्षों की विफल नीतियों का परिणाम है। इसकी नींव ह्यूगो शावेज के दौर में पड़ी, जब तेल आधारित समाजवादी मॉडल को समृद्धि का आधार बनाया गया। समय के साथ भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और आर्थिक कुप्रबंधन ने इस व्यवस्था को खोखला कर दिया। 2014 में वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट ने संकट को उजागर किया और देश अतिमुद्रास्फीति, खाद्य कमी व स्वास्थ्य आपदा में डूब गया। परिणामस्वरूप लाखों नागरिकों को पलायन करना पड़ा। सत्ता बचाने के लिए निकोलस मादुरो ने रूस, चीन और क्यूबा का सहारा लिया तथा अमेरिकी प्रतिबंधों को चुनौती दी। इसके जवाब में ट्रम्प प्रशासन ने दबाव बढ़ाया। सितंबर 2025 से कैरिबियन क्षेत्र में तस्करी से जुड़े जहाजों पर हमलों ने तनाव तेज कर दिया। अंततः डेल्टा फोर्स और सीआईए के संयुक्त अभियान में मादुरो गिरफ्तार हुए। ट्रम्प ने इसे 'नार्को-आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई' बताते हुए वेनेजुएला को 'सुरक्षित संक्रमण' तक ले जाने की बात कही। लेकिन आलोचकों के अनुसार वास्तविक लक्ष्य विशाल तेल भंडारों पर नियंत्रण है, जो लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की वापसी और क्षेत्रीय अस्थिरता का संकेत देता है। इस संकट का सबसे तात्कालिक प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर पड़ा है। वेनेजुएला फिलहाल वैश्विक आपूर्ति का लगभग एक प्रतिशत, यानी करीब दस लाख बैरल प्रतिदिन तेल उत्पादन करता है, लेकिन उसके भंडार दुनिया में सबसे बड़े हैं। हमले के बाद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें साठ से इकसठ डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहीं, पर भू-राजनीतिक जोखिम के कारण पाँच से दस डॉलर की बढ़ोतरी की आशंका है। यदि उत्पादन या निर्यात बाधित हुआ—जैसे बंदरगाहों की नाकेबंदी या बीमा अड़चनें—तो भारी कच्चे तेल की कमी से डीजल और परिष्कृत ईंधन महंगे हो सकते हैं।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### इन्साफ



तीन आदमियों ने एक ही प्रकार का अपराध किया था किन्तु राजा विक्रमादित्य ने सभी को भिन्न दंड दिया अर्थात् एक को तो बुला कर इतना ही कहा कि तुम जैसे भले आदमी को ऐसा करना शोभा नहीं देता। दूसरे को बुला कर बुरा-भला कहा और कुछ झिडक़ा भी। तीसरे को काला मुँह कराकर गधे पर सवार कराया और पूरे नगर में फिराया। किसी ने पूछा कि महाराज! अपराध तो एक ही तरह का था, परंतु आपने इन्हें अलग-अलग तरह का दंड क्यों दिया? विक्रमादित्य ने उत्तर में कहा कि अच्छा तीनों का समाचार मँगवाओ और देखो वे क्या करते हैं। सूचना मिली कि जिस व्यक्ति को केवल उसके अशोभनीय होने की काही थी, वह ज़हर खाकर मर गया। जिसको बुरा-भला कहा था, वह घर-बार छोडक़र चला गया; मगर तीसरा आदमी पोशाक बदलकर शराब के नशे में बेधडक़ जुआ खेल रहा है। दरबारी को राजा की न्याय-नीति और अपराधियों की प्रकृति पहचानकर दंड देने का विधान जानकर बहुत प्रसन्नता हुई।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# शहद में काली मिर्च मिलाकर खाने से दूर हो सकती हैं ये समस्याएं

शहद और काली मिर्च का इस्तेमाल आयुर्वेद में औषधि के रूप में प्राचीन समय सेकिया जा रहा है। शहद और काली मिर्च, दोनों औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। शहद में एंटीऑक्सीडेंटेस, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कई बीमारियों को दूर करने में मदद करते हैं। वहीं, काली मिर्च पिपरीन नामक तत्व होता है, जो मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, पाचन को सुधारता है और सर्दी-खांसी में लाभकारी होता है। ऐसे में, अगर आप शहद और काली मिर्च और शहद का एक साथ सेवन करते हैं, तो इससे शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। शहद और काली मिर्च का सेवन करने से सर्दी-खांसी की समस्या से राहत मिल सकती है। दरअसल, शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं। यह सर्दी-खांसी और वायरल इंफेक्शन से बचाने में मदद करता है। वहीं, काली मिर्च में मौजूद पिपेरिन यह खांसी को कम करने और बलगम को बाहर निकालने में सहायक होता है। साथ ही, यह गले की सूजन को और खराश को कम करने में भी मदद करता है। शहद और काली मिर्च का सेवन करने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। दरअसल, काली मिर्च पाचन एंजाइम्स को उत्तेजित करती है, जिससे भोजन अच्छे से पचता है। वहीं, शहद आंतों को साफ करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनता है। नियमित रूप से इन दोनों के मिश्रण का सेवन करने से गैस, कब्ज, अपच और पेट फूलने की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। शहद के साथ काली मिर्च का सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे शरीर में जमा अतिरिक्त फैट को बर्न करने में मदद मिलती है। नियमित रूप से कुछ दिनों तक इस मिश्रण का सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। शहद और काली मिर्च का सेवन करने के लिए सबसे पहले एक चम्मच शहद लें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। बाहर आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आप आज कामों को लेकर परेशान रहेंगे।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा और आप अपनी कार्यकुशलता से आज कार्यक्षेत्र में लोगों का दिल जीतेंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर उचित मार्गदर्शन मिलेगा और यदि आप राजनीति में हाथ आजमाने की सोच रहे हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल होने में कुछ समस्या आ सकती है। मामा पक्ष आज आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**सिंह**

आज आपको अपने घर के साथ-साथ बाकी कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। विदेशों से आयात-निर्यात कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**कन्या**

आज का दिन आपके मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**तुला**

आज का दिन नौकरी में बदलाव के लिए अच्छा रहने वाला है। आप कुछ नये कपड़े, मोबाइल और लैपटॉप आदि की खरीदारी कर सकते हैं। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज पार्टी प्लान करेंगे।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके अटके हुए काम पूरे होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। माताजी की सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आप किसी काम को करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको काम को लेकर व्यस्तता अधिक रहेगी।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए तकनीकी क्षेत्रों में बढ़िया रहने वाला है। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे और विद्यार्थियों को अध्यापकों का भी पूरा साथ मिलेगा।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका योजनाओं पर अच्छा खासा खर्चा होगा और आपकी किसी बात को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

# देवरी गांव में खेत के पास दबा मिला रहस्यमयी देग, खजाने की अटकलों से मचा हड़कंप

## पुलिस-प्रशासन ने देग को कब्जे में लेकर सील किया, ग्रामीणों की भीड़ से बना कौतूहल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** जिले में निवाई के ग्राम पंचायत सींदडा के गांव देवरी में खुदाई के दौरान मिले खजाने से भरे एक देग के मामले में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने बताया कि पुरातत्व विभाग के निदेशक को पत्र लिख दिया है और पूरे मामले की जानकारी दी गई है । सम्भव है कि जल्द ही टीम निवाई पहुंचेंगी और पात्र का सर्वे करेगी, साथ सम्भावना है कि मौके पर जाकर भी सर्वे करें।

आपको बता दें कि शनिवार को निवाई के सिंदरा ग्राम पंचायत के गांव देवरी में एक देग मिला था।

जिसकी सूचना पर निवाई पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। शनिवार की सांय चार बजे खेतों के समीप चरागाह भूमि में कुछ ग्रामीणों ने ताजा गुलाब की पत्तियां बिखरी हुई और एक चप्पल जोडी दिखाई दी। और इसकी सूचना गांव में लोगों दी। सूचना पर लोग एकत्रित हो गए और सरपंच रामसहाय मीणा को बुलाया। सरपंच ने पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी। मौके पर एकत्रित ग्रामीणों ने उक्त स्थान लाश दबी होने की बात कहीं। जेसीबी मशीन को बुलाकर उक्त स्थान पर खुदाई करवाई गई। तो खुदाई दौरान एक सिल्वर देग निकाला। देग देखकर ग्रामीणों ने खजाना मिलने की संभावना जताई। और मौके पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए। खजाने की सूचना पर थानाधिकारी घासीराम, तहसीलदार नरेश गुर्जर, भू अभिलेख अधिकारी और जाप्ता मौके पर पहुंच गया। पुलिस और प्रशासन ने देग को कब्जे में लेकर निवाई थाने पर लाए। जहां एसडीएम प्रीति मीणा को सूचना दी।

वहीं निकले हुए देग को तहसीलदार नरेश गुर्जर वि_ल अधिकारी घासीराम ने अधिकारियों के निर्देश के अनुसार पुरानी तहसील कार्यालय स्थित उपकोषाअधिकारी कार्यालय के अंदर सील करवा के रखवाया है। अब सम्भावना है कि आज ही पुरातत्व विभाग की टीम निवाई पहुंच सकती है और टीम के आने की तैयारियां भी पूरी हो गई है, स्थानीय अधिकारियों द्वारा देग मिलने वाली जगह पर निगरानी भी की जा रही है। वही गांव में खजाना मिलने की अफवाह से लोगों में कोतूहल बना हुआ है। लोगों की भीड़ लगातार मौके पर जुट रही है।

आपको बता दें कि इससे पहले डिग्गी पुलिस थाना इलाके के जानकीपुरा गांव में एक नाड़ी में साल 2016 में सोने की अशर्फियां का खजाना निकल चुका है। ऐसे में सम्भावना जताई जा रही है कि यहां भी कोई ऐतिहासिक पुरातात्विक सामान मिल सकता है।



### खजाना मिलने की आस में रात में अज्ञात लोगों ने खोदा एक ओर नया गड्ढा

ग्राम पंचायत सीदडा के गांव देवरी में चरागाह भूमि में खुदाई के दौरान मिले देग की सुरक्षा में दो गार्ड लगे हुए हैं। इधर जानकारी मिली है कि प्रशासन द्वारा देग को निकालने के बाद गड्ढे को मिट्टी से भर दिया गया था। कुछ अज्ञात लोगों ने और खजाना मिलने की आश में देर रात को उसी के पास खुदाई कर गहरा गड्ढा बना दिया। जो ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# देवली शहर मे चोरों का आतंक, 5 घंटे तक बंगले में डटे रहे नकाबपोश

## देवली शहर और हनुमान नगर में आए दिन बेखौफ चोर चोरी की वारदातों को अंजाम देकर धमाल चौकड़ी मचा रहे

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** इन दिनों शहर में बेखौफ चोरों की एक के बाद एक वारदात ने देवली पुलिस और हनुमान नगर थाना पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। मामला यह सामने आया कि शहर के भामाशाह नवल किशोर मंगल और उनकी पत्नी शनिवार को बंगले के अंदर अपने रूम में सो रहे थे। इसी बीच देर रात 1.00 बजे नकाबपोश चोर बंगला परिसर की दीवार फानद अंदर घुस गए और चोरों ने बंगले के गार्ड को हथियार दिखाकर बंधक बना लिया इस कारण सुरक्षा गार्ड बंगले के मालिक नवल मंगल से संपर्क नहीं कर पाया। इस पर नवल किशोर मंगल ने बताया कि बंगले की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के चलते चोर बंगले के भीतर प्रवेश करने में असफल रहे। चोरों ने बंगले की छत और अन्य मार्गों से घर के भीतर घुसने की कोशिश की, लेकिन सभी प्रवेश द्वारों पर मजबूत व्यवस्था होने की वजह से चोर अंदर नहीं आ सके। ऐसे मे हैरानी की बात तो यह रही कि बेखौफ चोर यहां करीब 5 घंटे तक परिसर में ही मौजूद रहे और सुबह 6.20 बजे मोके से फरार हो गए। इस घटना पर बंगले के मालिक ने बताया कि 5 घंटे तक चली उक्त घटनाक्रम की उन्हें भनक तक नहीं लगी। लेकिन गार्ड हरिसिंह प्रतिदिन के भांति रविवार की सुबह अखबार और दूध लेकर नहीं आया तब कहीं जाकर उन्हें शंका हुई। इसके बाद नवल मंगल ने बंगले से बाहर निकल कर देखा कि सुरक्षा गार्ड हरि सिंह के हाथ पांव मुंह बंधा हुऐ थे। इस दौरान नवल मंगल बुरी तरह घबरा गए और घायल सुरक्षा गार्ड को संभाल और तुरंत प्रभाव से वारदात को बंगले में लगे हुऐ सीसीटीवी कैमरों के मॉनिटर पर देखा। इस दौरान कैमरो में कैद हुई घटना का पूरा मामला यह सामने आया कि शनिवार की देर रात को नकाबपोश चोरों ने उनके बंगले पर धावा बोला दिया था लेकिन चोरी करने की वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाये। इस पर रविवार की सुबह बंगले के मालिक ने उक्त घटना की सूचना देवली पुलिस को दी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां पुलिस ने साक्ष्यों का संकलन किया। इस मामले में नवल किशोर मंगल के द्वारा पुलिस थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।




# खुशखबर : कोटा को मिलेगी आधुनिक रेल पिट लाइन की सौगात, वंदे भारत ट्रेन की हो सकेगी मैंटेनेंस

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** नववर्ष 2026 कोटा रेल मंडल के लिए एक नई सौगात लेकर आया है। कोटा को नए साल में 8 करोड़ की आधुनिक पिट लाइन की सौगात मिलेगी। 620 मीटर लंबी इस पिट लाइन का निर्माण पूरा होने के बाद यहां वंदे भारत समेत अन्य ट्रेनों की मैंटेनेंस हो सकेगी। पिट लाइन पर एक साथ 24 कोच खड़े हो सकेंगे। यही नहीं, पिट लाइन पर लगातार 3 शिफ्टों में 24 घंटे ट्रेनों की मैंटेनेंस का काम किया जा सकेगा। इसके चलते कोटा से नई ट्रेनें शुरू करने की आखिरी बाधा भी मार्च में दूर हो जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर कोटा जंक्शन काफी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। चारों दिशाओं में ट्रेनों का संचालन होने से काफी व्यस्त रेलवे स्टेशन है। ऐसे में यहां नई ट्रेनों का संचालन करना और ट्रेनों का ठहराव करने को लेकर रेलवे को काफी कठिनाई होती है। में कवच 4.0 के तहत 180 किमी प्रतिघंटे का सेमी हाई स्पीड रेलवे ट्रैक तैयार किया गया है, जिस पर 180 किमी प्रतिघंटे से ट्रेनों के संचालन के लिए सीसीआरएस की स्वीकृति भी मिल चुकी है। अब ट्रेक पर ट्रेनों की गति बढ़ाई जा सकेगी। ऐसे में यहां अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन भी किया जा सकेगा। कोटा से नई ट्रेनें शुरू करने के लिए पिट लाइन की काफी जरूरत थी। अब कोटा में इसका निर्माण शुरू किया गया।

### अप्रेल में मिलेगी सौगात

कोटा यार्ड में पिट लाइन का काम 6 दिसम्बर 2025 को शुरू किया गया है। पिट लाइन का निर्माण वंदे भारत ट्रेन की मैंटेनेंस की जरूरत को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। यहां एक साथ 24 कोच खड़े हो सकेंगे। पिट लाइन का करीब 75 फीसदी काम पूरा हो चुका है। पिट लाइन के निर्माण के लिए 31 मार्च 2026 का लक्ष्य लेकर काम किया जा रहा है। नई पिट लाइन के बाद 4 से 5 नई ट्रेनों के कोटा से संचालन औरमैंटेनेंस की व्यवस्था हो सकेगी।

# ऑल्टो कार में अज्ञात लोगों ने लगाई आग,पीड़ित ने सदर थाने में दी रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुन्सी।** ग्राम गुंसी में शनिवार की मध्य रात्रि को एक बाड़े में खड़ी एक ऑल्टो कार में अज्ञात लोगों ने ज्वलनशील पदार्थ छिडकर आग लगा दी। जिससे आग में जलकर कार कबाड़ में बदल गई। पीडित बाबूलाल माली ने बताया कि उसने अपनी ऑल्टो कार को अपने बाड़े में खड़ी की थी। मध्य रात्रि को करीब पौने एक बजे पड़ौसी रूपनारायण माली ने फोन कर बताया कि कार में आग लग गई है। सूचना पर स्वयं मौके पर पहुंचा तो कार से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दी। शोर मचाने पर आसपास के परिवार भी नींद से जाग गए और मौके पर पहुंच कर पानी डालकर आग बुझाई। पीडित बाबूलाल ने निवाई सदर थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध कार जलाने की रिपोर्ट दी है।



# खुशखबरी: राजस्थान बजट में होगा हजारों पदों पर भर्तियों का ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के लाखों अभ्यर्थियों के साथ राजस्थान लोक सेवा आयोग को नई भर्तियों का इंतजार है।

गौरतलब है कि फरवरी में राज्य का 2026-27 का बजट आएगा। संभव है कि इसमें भर्तियों की घोषणा होंगी। खासतौर पर आरएएस और अधीनस्थ सेवा, चिकित्सा शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और अन्य भर्तियां अहम हैं। आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती परीक्षा सहित कॉलेज लेक्चरर, स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा, कृषि, कारागार, कनिष्ठ लेखाकार और अन्य भर्ती परीक्षाएं-साक्षात्कार आरपीएससी के माध्यम से होती हैं। फरवरी में 2026-27 का बजट जारी होगा। इसमें नई भर्तियों की घोषणा के बाद कार्मिक विभाग और सरकार अभ्यर्थना भेजने में जुटेंगे।

### किस साल में कितनी भर्तियां

- वर्ष 2018 - 18 हजार
- वर्ष 2019 - 12 हजार 500
- वर्ष 2020 - 8 हजार 100
- वर्ष 2021 - 6 हजार 540
- वर्ष 2022 - 10 हजार 300
- वर्ष 2023 - 17 हजार 350
- वर्ष 2024 - 11 हजार 205
- वर्ष 2025 - 13 हजार 394

### आरएएस भर्ती अहम

1096 पदों की भर्ती के लिए आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा भर्ती परीक्षा-2024 मिली थी। अब 2025-26 की आरएएस भर्ती मिलनी है। संभवत : 700 से 900 तक पद हो सकते हैं।

**टोडारायसिंह में पूर्व सैनिकों ने निकाली भव्य तिरंगा रैली, शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

# वीरांगनाएं व परिजन भी हुए शामिल जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे में रविवार को टोंक जिले से आए भूतपूर्व सैनिकों द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली से पूर्व नगरपालिका के समीप स्थित नेहरू उद्यान में पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा सलामी दी।

नेहरू उद्यान से गुरु शंकराचार्य सर्किल तक निकाली गई तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों के साथ वीरांगनाएं एवं उनके परिजन शामिल हुए। रैली के दौरान देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। पूर्व सैनिक देशभक्ति गीतों की धुन पर झूमते हुए तिरंगा लहराते नजर आए। रैली के मार्ग में आमजन द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पूर्व सैनिकों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को लेकर कस्बे में उत्साह और गर्व का वातावरण बना रहा। रैली के समापन के बाद सभी पूर्व सैनिक जोगीडा बालाजी मंदिर पहुंचे, जहां स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रतिभाशाली बच्चों, वीरांगनाओं तथा पुनः सरकारी सेवा में चयनित हुए पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमराव सिंह राठौड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रहे। कार्यक्रम में केकड़ी, जहाजपुर व टोंक जिले के समस्त पूर्व सैनिक एवं उनके परिवारजन मौजूद रहे।

इस अवसर पर दुर्गालाल केकड़ी, सिपाही कालूराम माली अध्यक्ष गौरव सैनानी केकड़ी, आईएएस अधिकारी शिवजीराम प्रतिहार, आरएएस लक्ष्मी नारायण परिहार, केप्टन के.एल. चौधरी अध्यक्ष पीजीएसए, केप्टन सूरजमल जाट अध्यक्ष टोंक, केप्टन सीताराम, केप्टन प्रहलाद, केप्टन रामसागर मीणा, केप्टन रामसहाय शर्मा, हवलदार राम जाट तथा सूबेदार मुकेश जाट सहित कई गणमान्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।




# नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का शिवाड़ दौरा, घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने रविवार को शिवाड़ स्थित द्वादशा ज्योतिर्लिंग घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया । भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष दाधीच के शिवाड़ महादेव मंदिर पहुंचने पर जिले के अन्य-अन्य क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठन के लोगों ने उनका अभिनंदन किया । इस अवसर पर घुश्मेश्वर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर सभापति कमलेश जैलिया, भाजपा नेता ओमप्रकाश डांगोरिया, ब्राह्मण महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा, विप्र संवाद राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर, मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेश लोढ़ी, जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, रघुनाथ वैष्णव, आकाश भारद्वाज,केशव शर्मा, जिनेन्द्र शर्मा, राजू दाधीच,शुभम भारद्वाज, सुनील जोशी, अतुल मुद्गगल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## नागरिक सुरक्षा नवीन सदस्यों के नामांकन के लिए आवेदकों की दौड़ 5 से 11 जनवरी तक होगी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नागरिक सुरक्षा नवीन सदस्यों के नामांकन के लिए आवेदकों की दौड़ 5 से 11 जनवरी तक करवाई जाएगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया बताया कि पुरूष आवेदक को 800 मीटर की दौड़ पूर्ण करने के लिए 3 मिनट 30 सैकंड एवं महिला आवेदक को 4 मिनिट 30 सैकण्ड निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी आवेदकों को निर्धारित तिथि को सुबह 7 बजे 9वी आरएसी बटालियन ग्राउंड, टोंक में उपस्थित होना है। आवेदक अपने मूल टोकन के साथ मूल आधार कार्ड व नवीनतम फोटो साथ लेकर आएं। अनावश्यक सामान साथ नहीं लाएं, इसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को पुन: अवसर नहीं दिया जाएगा।

## अखिल भारतीय खटीक समाज व स्वामी परमानंद सेवा समिति की जिला स्तरीय बैठक व स्नेह मिलन संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोतम जोशी)।** अखिल भारतीय खटीक समाज व स्वामी परमानंद सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय मिटिंग एवं नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम रविवार को पहाडियां मेरिज गार्डन में मोती लाल जी पहाडिय़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समाज के पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने इसमें भाग लिया। युवाओं की बेरोजगारी दूर करने, नशे से बचाने व स्किल प्रोग्राम से जोडऩे हेतु युवाओं का डेटाबेस तैयार करने का सुझाव रमेश चंद्र राजोरा व ब्रिजेश परिड़वाल ने दिया। गुड् चावला ने अध्यक्ष पद चुनाव कराने पर जोर दिया। विवाह में अतिरिक्त खर्च, मृत्यु भोज जैसी कुरीतियां रोकने व आपसी सहयोग पर चर्चा हुई तथा सभी ने एकजुटता का संकल्प लिया। लड् राम किराड, सज्जन पहाडिय़ा, कमल किराड, मुकेश किराड विजय कुमार परिड़वाल समेत अनेक थे। मीटिंग के बाद प्रीतिभोज आयोजित हुआ।

## भगवान की आस्था रखने से ही मनोकामनाएं पूर्ण होती है- रामसहाय वर्मा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव बाढ़ छौरियां में स्थित श्री नायल भोमिया बाबा के मंदिर में विशाल पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी जिमी। पौष बड़ा महोत्सव में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने भोमिया जी महाराज के दर्शन करके खुशहाली की मनोकामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान की आस्था रखने से ही मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सेवा भी धर्म का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नायल भोमिया बाबा की कृपा से क्षेत्र का विकास हो रहा है। आने वाले समय में क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए विकास कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान महोत्सव को लेकर भोमिया बाबा की आकृषक झांकी सजाकर महाआरती करके श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी जिमाई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।

## हर साल करना होगा अब ये काम, तभी मिलेगा सस्ता गैस सिलेंडर

बढ़ता राजस्थान

सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए केन्द्र सरकार ने तैयारी कर ली है। योजना के तहत सस्ते एलपीजी सिलेंडर का लाभ लेने वाले परिवारों को अब हर साल ई-केवाइसी करानी होगी। अब पेंशनर्स की तरह उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी हर साल केवाईसी (री-केवाईसी) करानी होगी। इस संबंध में सरकार ने सभी लाभार्थियों को केवाईसी पूराने कराने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर सस्ते सिलेंडर और सब्सिडी का लाभ अस्थाई रूप से रोका जा सकता है। केन्द्र सरकार की इस नई व्यवस्था का उद्देश्य सब्सिडी का लाभ केवल वास्तविक और पात्र परिवारो को ही दिलाना है। कई जगह अपात्र लोग भी इस योजना का लाभ ले रहे हैं। ऐसे में इस नई व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी। गैस एजेंसियों ने लाभार्थियों को मैसेज भेजकर ई-केवाइसी कराने के लिए कहा है। इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना का लाभ लेने वाली महिला के नाम से गैस कनेक्शन की जानकारी जैसे दस्तावेज जमा कराने होंगे।

**शिकायतो के बाद सख्ती :** इस योजना में कई जगह डुप्लीकेट कनेक्शन होने, अपात्र लोगों की ओर से योजना का लाभ उठाने तथा मृत या स्थानान्तरित परिवारों के नाम पर सब्सिडी जारी रहने की शिकायतें सामने आई थी। वहीं योजना में कई उपभोक्ता फर्जी जानकारी देकर सिलेंडर ले रहे थे। कहीं महिला की मृत्यु हो चुकी थी, लेकिन उसके नाम से सिलेंडर लिया जा रहा था। कुछ उपभोक्ता सब्सिडी वाला सिलेंडर लेकर उसे बेच रहे थे। इन शिकायतों के बाद सरकार ने हर साल ई-केवाइसी अनिवार्य कर दिया है।

**जिले में सवा लाख उपभोक्ता :** सवाईमाधोपुर जिले में उज्ज्वला योजना के करीब 1 लाख 25 हजार उपभोक्ता पंजीकृत हैं। इनमें से लगभग 70 हजार परिवार ही नियमित रूप से गैस का उपयोग कर रहे हैं, जबकि शेष उपभोक्ता या तो सिलेंडर का उपयोग नहीं कर रहे या बीच-बीच में ही लेते हैं। ई-केवाइसी की प्रक्रिया फिलहाल जारी है और गैस एजेंसियों के अनुसार बड़ी संख्या में लाभार्थी दस्तावेज जमा कर रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाइसी पूरी नहीं होगी, उन्हें सब्सिडी का लाभ रोक दिया जाएगा।

### इनका कहना है

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में लाभार्थी परिवारों को अब हर साल केवाईसी करानी होगी। इसके आदेश आए है। इस नई व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और फर्जी सिलेंडरो पर रोक लगेगी।

**रामभजन मीणा, जिला रसद अधिकारी, सवाईमाधोपुर**

# 'केंद्र व राज्य सरकार खेल सुविधाओं को बढ़ाने एवं खिलाड़ियों को बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं'

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को युवा खेल विकास समिति राजस्थान क्रीडा भारती के द्वारा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित 13वां युवा खेल सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि ओलम्पिक मेडलिस्ट देवेन्द्र झांझडिया के साथ विजेता खिलाडियों एवं खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने आयोजक मंडल को साधुवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेल व खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए देश में अब बेहतरीन कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में अलवर सांसद खेल उत्सव एवं अलवर टाइगर मैराथन के माध्यम से जिले के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने जिले में न केवल बेहतरीन खेल माहौल तैयार किया है, बल्कि खिलाडियों को आगे बढने के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के साथ खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से इजाफा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अलवर में 8 करोड़ रूपये की लागत से पीएम श्री नवीन स्कूल में हॉकी का एस्ट्रॉट्रफ जल्द बनेगा। इसी प्रकार अलवर स्टेडियम में 7.5 करोड़ रूपये की लागत से सिंथेटिक ट्रेक की शीघ्र सौगात मिलेगी। खैरथल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी एकेडमी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए सभी संसाधानों की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने आयोजकों की मांग पर खिलाडियों को निःशुल्क सरिस्का भ्रमण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओलम्पिक मेडलिस्ट देवेन्द्र झांझडिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए जिस प्रकार कार्य हो रहा है, वह अभूतपूर्व है।

युवा खेल विकास समिति के सचिव रजनीश जैमन ने युवा खेल विकास समिति के द्वारा 13वें युवा खेल सप्ताह के दौरान आयोजित कराए गए 34 प्रकार के खेलों एवं समिति के द्वारा निरन्तर खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए खेल प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के संबंध में प्रतिवेदन के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की। समारोह में अतिथियों के द्वारा युवा खेल विकास समिति की ओर से पहली बार शुरू किए गए मत्स्य गुरू द्रोणाचार्य अवार्ड से स्केटिंग के प्रशिक्षक श्री चंद्रमोहन को 5100 रूपये के चेक एवं प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिनह भेंट कर सम्मान किया एवं मत्स्य खेल रत्न अवार्ड से पावर लिफ्टिंग के खिलाड़ी श्री दीपक शर्मा एवं खो-खो के खिलाड़ी श्री भूपेन्द्र सिंह को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही खेल सप्ताह के दौरान विजेता टीमों एवं खिलाडियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट सम्मानित किया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

## डूमोलिया युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोतःसुरेला

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के गाँव बुटेरी निवासी हैडकांस्टेबल रामनिवास डूमोलिया को सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नती मिलने पर गाँव सहित परिवार में ख़ुशी की लहर दौड़ गईं है। डूमोलिया बहरोड़ क्षेत्र की थाना पुलिस में एचएम के पद पर कार्यरत थे।जैसे ही डूमोलिया के सहायक उपनिरीक्षक की खबर उनके पैतृक गाँव बुटेरी पैतृक में आई क्षेत्र सहित परिवार औऱ गाँव में ख़ुशी की लहर दौड़ गईं। मेघवाल समाज के समर्पित कार्यकर्त्ता औऱ बाबा गरीब नाथ कुटिया बानसूर के अध्यक्ष भूपसिंह सुरेला ने बताया कि हैडकांस्टेबल रामनिवास डूमोलिया ने अपने कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उसके लिए समाज की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।उनके सहायक उपनिरीक्षक बनने पर पुलिस विभाग के सहकर्मियों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उनके प्रमोशन से न केवल पुलिस विभाग में एक योग्य सहायक अधिकारी के रूप न्यायप्रिय व्यक्तित्व मिल गया वहीं पुलिस विभाग की कार्यक्षमता और सम्मान में भी वृद्धि होगी। रामनिवास डूमोलिया की इस उपलब्धि से ग्रामीणों सहित परिजनों औऱ मेघवाल समाज में ख़ुशी की अनुभूति की है।वहीं डूमोलिया को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया है। यह जानकारी समाजसेवी भूपसिंह सुरेला ने दी।

## डीएसटी टीम की बड़ी कार्यवाही 5-5 हजारी ईनामी अभियुक्त दबोचे

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले की वांछित अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 5-5हजारी ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उक्त अभियुक्त बानसूर वृत्त क्षेत्र के थाना हरसौरा में दर्ज मुकदमें में मारपीट और छेड़छाड़ प्रकरण में लम्बे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त देशराज पुत्र हंसराज गुर्जर व धर्मपाल पुत्र हजारी गुर्जर निवासी नांगललाखा हैं। उक्त कार्यवाही कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई द्वारा आपराधिका प्रकरणों में लम्बे समय से फरार चल रहे ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने की बाबत में की गईं।जिसकी पालना में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नाजिम अली के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम के प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था।टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए उक्त वांछित अपराधियों को धर दबोचा।टीम में डीएसटी प्रभारी अंकित सामरिया,कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार,सतपाल,मनोज, विक्रम,प्रवीण,संजय व चालक अकलेश शामिल रहे।

## श्री गिर्राज मित्र मण्डल सेवा समिति राजगढ़ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** श्री गिर्राज मित्र मंडल सेवा समिति राजगढ़ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जगदीश प्रसाद सैनी की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फुले पार्क पटायरी की डूंगरी पर आयोजित की गई, जिसमें नवीन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। श्री गिर्राज मित्र मण्डल सेवा समिति के सचिव जगदीश आर्यभट्ट ने बताया कि कार्यकारिणी में अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी, उपाध्यक्ष रामखिलारी सैनी, अरुण लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सैनी, सचिव जगदीश प्रसाद सैनी, सहसचिव योगेश चंद सैनी, कोषाध्यक्ष रामखिलारी सैनी, सह कोषाध्यक्ष रमेश चंद सैनी, व्यवस्थापक महेश, गुलशन, गुड् राम सैनी, संगठन मंत्री फूलचंद सैनी मुकेश चंद सैनी, संरक्षक रामस्वरूप सैनी, प्रचार मंत्री दिनेश कुमार सैनी रमेश चंद सैनी, सलाहकार मंत्री भोल्याराम सैनी, भगवान सहाय सैनी, संयोजक कंचनलाल सैनी, बाबूलाल सैनी, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम सैनी, माधोप्रसाद सैनी तथा दिनेश कुमार सैनी, गिरधारी लाल सैनी, श्योदयाल सैनी, दिगंबर दयाल सैनी, बाबूलाल सैनी, दीपक कुमार सैनी, सुनील कुमार, रणजीत कुमार सैनी को सदस्य बनाया गया है।

## एक सौ ग्यारह महिलाओं को शॉल वितरित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट की ओर से नेक कमाई फाउंडेशन के सहयोग से रविवार को दिवाकरी के सोहम पबिलक सकूल में 111 महिलाओं को शॉल वितरित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महावर महिला मंच की अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता रही जबकि अध्यक्षता सुरेश हुंडी वाले ने की। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी दौलत राम हजरती ने ट्रस्ट के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक प्रतिभा सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में महिलाओं की हालत दयनीय है जिसमें बदलाव के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुखय अतिथि कुमकुम महावर ने कहा कि इस क्षेत्र में शीघ्र ही चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा तथा महिलाओं को स्वरोजगार का प्रशिक्षण नेक कमाई की ओर से दिया जाएगा। नेक कमाई के मुखय संरक्षक दोलत राम हजरती ने कहा कि नेक कमाई की ओर से महिलाओं के लिए निशुल्क स्किल डवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर शुरू किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालन जागृति सिंह ने किया।

## यातायात पुलिस के शानदार प्रयास-नो पार्किंग में खड़े चौपहियां वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** ट्रेफिक पुलिस द्वारा लगातार शानदार कार्रवाही की जा रही है। इसी संर्दभ में रविवार को यातायात थानें के इचार्ज संजय शर्मा ने अपनी टीम के साथ मिलकर शहर के होपसर्कस की चारों ओर नो पर्किग में खड़े हुए चौपहिया वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाया गया।



इधर ग्रामीण यातयात टीआई राजेश चौधरी ने बख्तल की चौकी क्षेत्र में टैक्टर और ट्रकों के पीछे रिफलेक्टर लगावाए गए। परिवहन विभाग व यातयात पुलिस की ओर से लगातार प्रयास जारी हैं कि दुघर्टनाओं पर रोक लगे और लोग सुगम यातयात करें।

## शिक्षक दिनेश सैनी को मिला राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान से कोटा में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कोटा रहे। शिक्षक दिनेश कुमार सैनी का चयन अलवर जिले से किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में किये गए नवाचार के लिए इनका चयन किया गया। इनके द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल खेल में शिक्षा और मनोरंजन गतिविधि के द्वारा छोटे बच्चों को शिक्षण करवाया जाता है। जिससे बच्चें अच्छी तरह से सीखते है और रुचि लेकर अपना शिक्षण कार्य करते है। इस दौरान देश के 15 राज्यों के नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया है। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा सागर फाउंडेशन की तरफ से किया गया, जिसमे देशभर के शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षक दिनेश कुमार के द्वारा एसआईआर के कार्य को राजस्थान में सबसे पहले किया गया और 2024 में राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## कृषि महाविद्यालय को माचाड़ी कस्बे में यथावत रखने की मांग, माचाड़ी संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**रैणी(अलवर)।** माचाड़ी कस्बे में कृषि महाविद्यालय को माचाड़ी कस्बे में ही यथावत रखने की मांग को लेकर माचाड़ी संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व जिला पार्षद नवल योगी के नेतृत्व में सांसद-वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघर्ष समिति द्वारा कृषि महाविद्यालय के लिए माचाड़ी में ही समुचित भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। इस पर मंत्री ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तहसीलदार को माचाड़ी में भूमि की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री ने आश्वस्त किया कि यदि पूरी भूमि उपलब्ध पाई जाती है तो कृषि महाविद्यालय माचाड़ी में ही यथावत खोला जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री यादव को क्षेत्र की जनभावनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि कृषि महाविद्यालय माचाड़ी क्षेत्र के किसानों एवं युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय मंत्री को यह भी बताया कि माचाड़ी को राजगढ़ से जोड़ा जाए क्योंकि माचाड़ी कस्बे का राजगढ़ थाना लगता है और राजगढ़ के नजदीक भी पड़ता है। इस पर मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा की विधानसभा परिसीमन होने दो उस समय देखेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद नवल योगी, सरपंच प्रतिनिधि आनंद सिंह, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन बटवाडा, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल मीणा, श्रीनारायण सैनी ठेकेदार, विश्वेंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, डालू राम सैनी, देवकरण सैनी, रतनलाल सैनी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने किया जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय परिसर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) का लोकार्पण कर शुभारंभ किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्घता के साथ काम कर रही है। साथ ही सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान कर लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं एक साथ प्राप्त होंगी, जिससे उनका जीवन आसान एवं सम्मृद्घ होगा और सशक्त दिव्यांग समाज की अवधारणा पूरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांग शब्द के स्थान पर सम्मान सूचक दिव्यांग शब्द का उपयोग कर सभी दिव्यांगजनों में आत्मसम्मान का भाव पैदा किया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार दिव्यांग कल्याण के लिए प्रतिबद्घता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के साथ ही उन्होंने भी विधायक निधि कोष से स्कूटी दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनके कल्याण में सदैव सहयोग करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग विराट को सीपी चेयर, विहान को हियरिंग एड एवं राहुल को एमआर किट प्रदान की।

## गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर नये आचार्य गणों का प्रशिक्षण सत्र संपादित किया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर दोपहर 2 बजे गायत्री परिवार द्वारा संचालित 6 वर्ष से लेकर 13 वर्ष तक के बच्चों के लिए संचालित करीब 20 बाल संस्कारशालाओं मे नये आचार्य गणों का प्रशिक्षण सत्र संपादित किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ परिजनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ उसके बाद श्रीमती ममता गुप्ता जी ने बाल संस्कार शाला चलाने का महत्व और इसका बच्चों पर पडने वाले प्रभाव का महत्व विस्तार पूर्वक समझाया और बताया की वो सन 2009 से बाल संस्कार शाला चला रही है राजस्थान की एकमात्र ऑनलाइन बाल संस्कार शाला भी इन्ही द्वारा चलायी जा रही है इसके बाद मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी श्रीमती डॉ सरोज गुप्ता जी ने पुंसवन संस्कार के महत्व को समझाते हुए बताया कि बच्चों का विकास माता के गर्भ से ही शुरू हो जाता हैस सतीश बड़ाया जी ने मुंडन संस्कार के बारे मे बताया, जे.पी.गुप्ता ने विद्याआरम्भ संस्कार के बारे मे बताया, और इस सत्र में मुकेश गुप्ता जी ने 6 वर्ष से 13 वर्ष तक के बालकों के लिए बाल संस्कार शाला नियमित रूप से हर रविवार को डेढ़ घंटे के लिए कैसे चलाये, बच्चों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जोडने के सूत्र, तथा विद्या, आदर्श दिनचर्या, महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा, खेल-कूद,योग, व्यायाम, बालको का नैतिक, बोद्धिक विकास, ध्यान,प्राणायाम, महत्वपूर्ण दिवस जैसे स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, त्यौहार आदी मनाने का महत्व आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान दिनेश गुप्ता, श्रीमती ज्योति गुप्ता,ज्ञान देवी शर्मा, डॉ कुमकुम गुप्ता, डॉ सोमदत्त गुप्ता, डॉ हरीश सैनी युवा प्रभारी जितेंद्र यादव, रीना गुप्ता,अरुण गुप्ता आदी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद केलवाड़ा थाना क्षेत्र के गवार गांव चौराहे पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बिकावास से ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आए चालक द्वारा ट्रैक्टर पीछे लेते समय ट्रॉली का कोना लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर (आरजे-30-आरए-8185) चालक बाबूराम (45) पुत्र पेमाराम, जाति भील, निवासी बिकावास, थाना आमेट, ईंटें खाली कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर पीछे लेते समय ट्रॉली का कोना गवार आबा की वेर निवासी हेमाराम (42) पुत्र राजूराम को लग गया। हादसे में हेमाराम गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव सीएचसी केलवाड़ा की मोर्चरी में रखवाया गया है।

भारत आदिवासी पार्टी का जिला स्तरीय अधिवेशन गढ़बोर-चारभुजा में संपन्न

# राजसमन्द के क्षेत्र को टीएसपी में शामिल कराने की लड़ाई बीएपी लड़ेगी-सांसद राजकुमार रोत

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** भारत आदिवासी पार्टी की जिला इकाई, राजसमन्द द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अधिवेशन गढ़बोर-चारभुजा स्थित हेलीपेड ग्राउंड में भव्य, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अपने संबोधन में सांसद राजकुमार रोत ने स्पष्ट कहा कि भारत आदिवासी पार्टी इस क्षेत्र को शेड्यूल एरिया में अथवा विशेष उपयोजना क्षेत्र में शामिल किए जाने की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी तथा अरावली पर्वतमाला का संरक्षण पार्टी की पहली प्राथमिकता रहेगी। संस्थापक सदस्य रोत कांतिभाई ने आगामी समय में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष रमेश मईड़ा ने प्रत्येक मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू करने, क्षेत्रीय मुद्दों पर निरंतर कार्य करने तथा जनता के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने को संगठन की प्राथमिकता बताया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए डॉ. राम मीणा ने युवाओं से एकजुट होकर जमीनी स्तर पर जनता के मुद्दों पर खुलकर संवाद स्थापित करने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। अधिवेशन सभा से पूर्व डॉ. राम मीणा के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने लखमाताओ के गुड़ा से चारभुजा तक लगभग 50 किलोमीटर लंबी वाहन रैली निकालकर सभा स्थल तक पहुँचे। रैली के दौरान केलवाड़ा में राणा पुंजा भील, महाराणा प्रताप एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। लखमाताओ के गुड़ा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. राम मीणा ने कहा कि 'जेल जाने से मैं कमजोर नहीं हुआ हूँ, बल्कि और अधिक मजबूती के साथ शोषित-वंचित समाज की आवाज़ उठाने के लिए तैयार हुआ हूँ।' अधिवेशन में भिलप्रदेश विद्यार्थी मोर्चा पूर्व प्रदेश संयोजक पोपट खोखरिया, मेघवाल युवा संगठन के जिलाध्यक्ष किशन मेघवाल केलवाड़ा, एडवोकेट रोशन सोनगरा, भीम आर्मी अध्यक्ष राजेश दसाणा, उदयपुर जिलाअध्यक्ष अमित खराड़ी सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजन की सहभागिता रही। कार्यक्रम संचालन लक्ष्मण चित्रोलिया, मालाराम व जीवन गमेती ने किया, भारत आदिवासी पार्टी की जिला अध्यक्ष किशन लाल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं आमजन का आभार व्यक्त किया।

# मेगा हाइवे पर भीषण सड़क हादसा : सड़क जाम कर बैठे धरने पर

# चौथ माता के पैदल जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे पर पलटा बेकाबू ट्रक, 3 लोगों की मौत, गुस्साए लोगों ने ट्रक में लगाई आग



6 घंटे के धरने के बाद प्रशासन से बनी सहमति, मृतकों को 12.50 लाख का मुआवजा





बढ़ता राजस्थान

बूंदी/लाखेरी। बरवाड़ा चौथ माता जी के दर्शन के लिए जा रहे पैदल श्रद्धालुओं का जत्था सडक़ हादसे का शिकार हो गया। बूंदी जिले के देहीखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पापड़ी रेलवे ओवरब्रिज के पास रुई से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पदयात्रियों पर पलट गया। हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल रैफर किया गया, वहीं दो घायलों का इलाज इंदरगढ़ अस्पताल में जारी है। मृतकों में अमरपुरा निवासी राजाराम (50) सहित एक अन्य की पहचान हुई है, जबकि एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने ट्रेलर में आग लगा दी और कोटा-दौसा-लालसोट मेगा हाईवे पर धरना दे दिया। मौके पर बूंदी एडीशनल एसपी उषा शर्मा, लाखेरी व केशोरायपाटन एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। लगभग 6 घंटे की बातचीत के बाद प्रशासन व ग्रामीणों के बीच सहमति बनी। प्रशासन ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 12.50 लाख रुपये तथा प्रत्येक घायल को 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही 8 जनवरी से लबान क्षेत्र में भारी वाहनों के ट्रैफिक डाइवर्जन का निर्णय लिया गया। सहमति के बाद धरना समाप्त हुआ और हाईवे सुचारू कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज गति में था और अचानक संतुलन बिगडऩे से सडक़ किनारे चल रहे यात्रियों पर पलट गया. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही लाखेरी पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू करवाया. प्रशासन को भी घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद 108 एंबुलेंस, राहत एवं बचाव दल और अन्य आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं।

### हादसे में तीन की मौत,आधा दर्जन गम्भीर घायल

बेकाबू ट्रक के पैदल यात्रियों पर पलटने से राजाराम 50 वर्ष निवासी अमरपुरा कालूलाल निवासी करीरिया सांगोद जिला कोटा की मौके पर ही मौत गई व सांवरा केवट 22 वर्ष निवासी गुहाटा ने कोटा इलाज के दौरान दम तोड़ दिया व वही लक्ष्मी 17 वर्ष निवासी गुहाटा व अमरपुरा निवासी देवलाल 40 गिरिराज 35 वर्ष रामकिशन 50 महावीर 35 के गम्भीर घायल होने कोटा अस्पताल में इलाज जारी है वही हादसे में जोधराज 38 वर्ष अमरपुरा गिरिराज20 वर्ष महावीर अमरपुरा व फोरू लाल ईसरदा को प्रथामिक उपचार के बाद देईखेड़ा अस्पताल से छुट्टी कर दी गई

### ओम बिरला थोड़ी देर पहले दे रहे थे शुभ यात्रा का संदेश शाम को एमबीएस पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना

घटना की जानकारी जैसे ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मिली इटावा से लौटते वक्त उनका काफिला सीधा एमबीएस पहुंचा जहां पर उन्होंने घायलों की हालात का जायजा लिया और मौके पर ही कोटा रेंज के आईजी व अधिकारियों को घटना की विस्तृत जांच करके दुर्घटना रोकने संबंधित उपाय पर स्थाई समाधान करने का निर्देश भी दिया। घटना के कुछ देर पहले ही कोटा के इटावा क्षेत्र से ओम बिरला का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वह पैदल यात्रियों की सकुशल यात्रा का संदेश भी दे रहे थे।

### ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने हादसे पर शोक व्यक्त किया

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने हादसे पर शोक व्यक्त किया वे बारां से सीधे कोटा के एमबीएस अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिलकर उपचार की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय प्रशासन को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के निर्देश दिए।

## बूंदी में गुर्जर समाज के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महावीर चांदना का शपथ ग्रहण संपन्न; पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** गुर्जर समाज के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महावीर चांदना का शपथ ग्रहण समारोह जिला मुख्यालय पर गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गौरव और एकजुटता का भव्य नजारा देखने को मिला।

**मुख्य अतिथि और शपथ ग्रहण :** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री शकुंतला रावत रहीं। उन्होंने विधिवत रूप से महावीर चांदना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने नए जिलाध्यक्ष का फूल-मालाओं और साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

**जिलाध्यक्ष का संकल्प :** शपथ ग्रहण के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महावीर चांदना ने कहा, मेरी प्राथमिकता गुर्जर समाज का सर्वांगीण विकास और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। हम शिक्षा के प्रचार-प्रसार और युवाओं को मुख्यधारा से जोडऩे के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग की अपील करते हुए सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का भी संकल्प लिया।

**समारोह की झलकियाँ :** पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने अपने संबोधन में महावीर चांदना के सामाजिक सक्रियता की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समाज विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकारिणी पदाधिकारी, युवा शक्ति और समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## सावित्रीबाई फुले जयंती व नववर्ष मिलन समारोह आयोजित, 75 यूनिट रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी, रेलवे द्वारा माता सावित्रीबाई फुले जयंती एवं नववर्ष मिलन समारोह श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ नारी शक्ति डॉ. प्रियंका सैनी, सीमा मारोठिया, एडवोकेट रेखा सैनी, सोसाइटी अध्यक्ष डी.डी. सैनी, डॉ. दुर्गा शंकर सैनी, डॉ. टिकम चंद सैनी, एडवोकेट लोकेश सैनी, एडवोकेट रामरतन सैनी, एडवोकेट मंगल सैनी सहित अन्य अतिथियों द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में सदस्यों ने 75 यूनिट रक्तदान किया। अतिथियों का माला, शॉल व साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डी.डी. सैनी व मुख्य अतिथियों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने तथा फुले दंपती के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। अंत में सह-परिवार सामूहिक भोज आयोजित हुआ।

## कैकई प्रसंग, वन गमन और केवट संवाद ने रामकथा में त्याग व मर्यादा का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राधा रानी पार्क, रंगबाड़ी योजना सेक्टर-4 में आयोजित श्रीरामकथा के क्रम में कैकई प्रसंग, श्रीराम वन गमन एवं केवट प्रसंग का भावपूर्ण वाचन किया गया। कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु मर्यादा, त्याग और भक्ति से ओतप्रोत प्रसंगों को सुनकर भावविभोर हो उठे। श्रीकामखेड़ा बालाजी महाराज के पुजारी आचार्य तुलसीराम शर्मा ने कथा का वाचन करते हुए बताया कि माता कैकई द्वारा वरदान की मांग और राजा दशरथ की विवशता के बावजूद भगवान श्रीराम ने बिना किसी खेद के पिता की आज्ञा को स्वीकार कर वन गमन का संकल्प लिया। यह प्रसंग आज्ञापालन, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श पुत्र धर्म का अनुपम उदाहरण है। कथा में श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण के वन प्रस्थान के दौरान अयोध्या में व्याप्त करुणा और जनसामान्य के दु:ख का सजीव वर्णन किया गया। कथावाचक ने कहा कि श्रीराम का वन गमन त्याग के साथ-साथ धर्म की स्थापना हेतु लिया गया एक महान निर्णय था। इसके पश्चात केवट प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसमें केवट द्वारा प्रभु श्रीराम के चरण पखारने और निष्काम सेवा भाव को उजागर किया गया। आचार्य तुलसीराम शर्मा ने कहा कि सच्ची भक्ति में स्वार्थ नहीं, केवल श्रद्धा और समर्पण होता है। मंच संचालन करते हुए कृष्णार्धी राकेश विजयवर्गीय ने कहा कि रामकथा मानव जीवन को मर्यादा, सेवा और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा के दौरान पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने भी कथा का रसपान किया।



## सरावगी जैन समाज दादाबाड़ी का नववर्ष स्नेह मिलन उल्लासपूर्वक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज दादाबाड़ी इकाई द्वारा नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम जैन जनउपयोगी भवन, आरोग्य नगर, कोटा में हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के लगभग 250 सदस्यों ने सहभागिता कर आपसी मेल-मिलाप किया। समाज के महामंत्री महेंद्र गोधा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से की गई। इसके पश्चात उन्होंने वर्षभर में समाज द्वारा किए गए धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आयोजन के अंतर्गत क्रिकेट मैच, बच्चों के खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज, महामंत्री पदम बडला, कार्याध्यक्ष जे.के. जैन तथा सकल दि.समाज के संरक्षक विमल नांता एवं राजमल पाटोदी उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रकाश बज ने अपने निर्देशात्मक उद्बोधन में समाज की एकता, अनुशासन और युवा पीढ़ी की सक्रिय सहभागिता पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त रूप से आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने सेवा, संस्कार और संगठन को समाज की प्रगति का मूल आधार बताया। संरक्षक विमल नांता एवं राजमल पाटोदी ने अपने उद्बोधन में समाज द्वारा निरंतर किए जा रहे धार्मिक आयोजनों, सामाजिक सहयोग, पारिवारिक समरसता तथा जनकल्याणकारी गतिविधियों की सराहना की और कहा कि दादाबाड़ी सरावगी समाज ने सेवा और संस्कार के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहचान बनाई है। कार्याध्यक्ष जे.के. जैन ने जानकारी दी कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा आगामी 25 जनवरी 2026 को इंदौर के दस्तूर गार्डन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती पारिवारिक एवं सामाजिक जटिलताओं के समाधान हेतु यह सम्मेलन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा तथा विवाह योग्य युवाओं को एक सकारात्मक एवं सुव्यवस्थित मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम के अंत में दादाबाड़ी सरावगी समाज के अध्यक्ष पारस सोगानी ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## टाइगर हिल पर उमड़ा आस्था का सैलाब: ओएसडी राजीव दत्ता ने की महाआरती, बूंदी की देवधरा के विकास का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। बूंदी की सुरम्य पहाडियों के बीच स्थित टाइगर हिल मांधाता बालाजी के चार दिवसीय भव्य मेले का समापन समारोह भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी एवं राजस्थान कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव दत्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

### भक्ति और भव्यता का संगम

राजीव दत्ता ने मांधाता बालाजी के दर्शन कर प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ महाआरती की। भजन संध्या के दौरान भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टाइगर हिल न केवल प्राकृतिक रूप से आकर्षक है, बल्कि यह प्राचीन काल से ही बूंदी की आस्था का एक प्रमुख केंद्र रहा है। टाइगर हिल की सुंदरता और यहाँ की आध्यात्मिक ऊर्जा अद्भुत है। आने वाले समय में इस धार्मिक स्थल के कायाकल्प और जनसुविधाओं में विस्तार के लिए हम हर संभव विकास कार्य करवाएंगे।



राजीव दत्ता (ओएसडी, लोकसभा अध्यक्ष)

### भविष्य की योजनाएं और भव्य स्वागत

दत्ता ने विश्वास दिलाया कि आगामी वर्षों में इस मेले के स्वरूप को और अधिक विशाल बनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मेला समिति ने ओएसडी राजीव दत्ता का तलवार भेंट कर और 51 किलो की विशाल पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

### मंच पर मौजूद विशिष्ट अतिथि

प्रभु लाल सैनी पूर्व कृषि मंत्री, रामेश्वर मीणा बीजेपी जिला अध्यक्ष, मेला समिति से जुड़े महावीर मोदी, भरत शर्मा, राकेश बॉयत के साथ समस्त पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंच का संचालन नीतू डॉई ने किया।

### आकर्षण का केंद्र रही भजन संध्या

समापन समारोह में आयोजित भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वर्तमान में मांधाता बालाजी के प्रति बढ़ती जन-आस्था को देखते हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इसे एक प्रमुख पर्यटन और धार्मिक हब के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 06 जनवरी को

### लांयस क्लब कोटा का निशुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर मंगलवार को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लायंस क्लब कोटा द्वारा 06 जनवरी को नि:शुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि बताया कि हवाई अड्डे के सामने झालावाड़ रोड स्थित लांयस क्लब भवन,कोटा में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। मंगलवार 06 जनवरी को प्रातः 10 से 01 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच व भर्ती की जाएगी।सचिव मुकेश विजयवर्गीय ने बताया कि 07 जनवरी को लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएगें। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जिला अंधता निवारण समिति कोटा भी सहयोग रहेगा। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि शिविर में सभी मरीजों को आवास,भोजन,दवाईयां लेंस एवं चश्मे की व्यवस्था क्लब द्वारा की जाएगी।शिविर में आने वाले नेत्र चिकित्सा रोगी को आधार कार्ड,राशन कार्ड या वोटर आईडी कार्ड की जेरोक्स कॉपी एवं दो फोटो साथ लाने होगे। शिविर में नि:शुल्क ब्लड प्रेशर,मधुमेह,एक्यूप्रेशर की नि:शुल्क जांच भी होगी। शिविर मे डॉक्टर विशाल स्नेही अपनी सेवाये देंगे।

चितौड़ग़ढ़ में विद्यालयी खेल इतिहास का नया अध्याय

# जिले को पहली बार विद्यालयी राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी, 28 राज्यों की 65 टीमों के 1300 खिलाड़ी-अधिकारी होंगे सहभागी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)।** शौर्य और बलिदान की गौरवशाली धरती चितौडग़ढ़ में सोमवार से राष्ट्रीय खेल परिदृश्य में नया अध्याय जुडऩे जा रहा है। जिले को पहली बार विद्यालयी स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। 5 जनवरी से 10 जनवरी तक राष्ट्रीय विद्यालयी छात्र-छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता (अंडर-14 वर्ष) का आयोजन राउप्रावि पारोली के तत्वावधान में आयोजित होगा। सभी मैच जिला मुख्यालय स्थिति इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेले जाएंगें। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश की 65 राज्यस्तरीय टीमों से लगभग 1300 खिलाड़ी एवं अधिकारी सहभागिता कर रहे हैं। सभी टीमों के खिलाडियों ने रविवार को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रावधानुसार प्रतियोगिता स्थल पर अपना पंजीकरण पूर्ण करवाया। प्रतियोगिता का सोमवार प्रातः 10.30 बजे भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित होगा, जिसके साथ ही मुकाबलों की शुरुआत होगी। आयोजन के अंतर्गत चार अलग-अलग खेल मैदानों पर मैच खेले जाएंगे। मैदान निर्माण समितियों के तत्वावधान में मैदानों को राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप अंतिम रूप दिया जा चुका है। यह चारों मैदान इंदिरा गांधी स्टेडियम में तैयार किए गए है। बालक वर्ग में 506 खिलाडियों और बालिका वर्ग में 499 खिलाडियों का पंजीकरण हुआ है। सभी टीम 8 पूलों में विभक्त है और आगामी तीन दिनों तक लीग मैच खेले जायेंगें।



### स्कूल फेडरेशन की सीधी निगरानी, पारदर्शिता सर्वोपरि

आयोजन की पारदर्शिता, निष्पक्षता और राष्ट्रीय मानकों को सुनिश्चित करने के लिए स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी चितौडग़ढ़ में उपस्थित हैं। फेडरेशन द्वारा आयोजन की प्रत्यक्ष निगरानी की जा रही है, जिससे प्रतियोगिता विश्वसनीयता और निष्पक्षता के पैमाने पर खरी उतर सकें। शिक्षा निदेशालय बीकानेर के स्तर पर 71 निर्णायकों को नियुक्त किया गया है जो इन मैचों का सफल आयोजन सुनिश्चित करेगी।

### राजस्थानी परंपरा में मेहमानों का आत्मीय स्वागत

जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. मुख्यालय और आयोजन सचिव राजेन्द्रकुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचने वाली टीमों का रेलवे स्टेशन पर राजस्थानी परंपरा के अनुरूप उपरणा पहनाकर भव्य स्वागत किया जा रहा है। यह पहल चितौडग़ढ़ की सांस्कृतिक विरासत और अतिथि-सत्कार की समृद्ध परंपरा को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर रही है। सभी टीमों को निर्धारित आवास स्थल और मैदान तक तक पंहुचाने के लिए वाहन व्यवस्था भी आयोजकों के द्वारा की गई है। आयोजन समिति द्वारा सभी खिलाडियों और अधिकारियों के लिए ठहरने, भोजन, चिकित्सा, परिवहन एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि प्रतिभागी बिना किसी असुविधा के पूरे मनोयोग से खेल प्रदर्शन कर सकें।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की बैठक सम्पन्न

## 11 सूत्री मांगों एवं 7 संकल्पों को पूरा कराने को लेकर 12 को कर्मचारियों की जयपुर में चेतावनी महारैली

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )** । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से 11 सूत्री मांगों के निस्तारण एवं 7 संकल्पों पर कार्यवाही को लेकर सोमवार 12 जनवरी को राजधानी जयपुर में चेतावनी महारैली आयोजित की जाएगी। महासंघ से सम्बद्ध घटक संगठनों के जिलाध्यक्ष जिला मंत्री ब शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत समिति में आयोजित की गई।

बैठक में रैली में धौलपुर जिले से अधिकाधिक संख्या में कर्मचारियों की भागीदारी हो इसके लिए सभी घटक संगठनों के पदाधिकारियों को अपने अपने विभागों में कार्मिकों से संवाद क़ायम कर रैली के सफल आयोजन एवं सभी विभागों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि महासंघ की ओर से सभी विभागों में पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने, विभिन्न कर्मचारी संवर्गों की लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित प्रत्येक कार्मिक को सेवा काल में पदोन्नति के समान अवसर मिले इसके लिए पदोन्नति



पदों की विसंगति दूर करते हुए 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान लागू करने,पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा सुनिश्चित करने, संविदा एवं मानदेय कार्मिकों का स्थाई करने एवं तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लंबे समय से बंद स्थानांतरण शुरू करने के साथ विभिन्न विभागों, निगम, बोर्ड को समाप्त कर किया जा रहे निजीकरण को बंद करवाने तथा कर्मचारियों के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे सात संकल्पों के साथ 11 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। लेकिन सरकार की ओर से लगातार कर्मचारी मांगों की अनदेखी व संवादहीनत के विरोध में महासंघ द्वारा प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत राजधानी की सड़कों पर महारैली आयोजित करने का फैसला लिया है।

महासंघ के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि चेतावनी महारैली में जिले से नर्सेज,शिक्षक संघ, ग्राम विकास अधिकारी,कृषि ,पशुपालन,वनकर्मी, पटवारी,कानूनगो, आयुर्वेद नर्सेज, पैरा टीचर शिक्षा कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर सांख्यिकी जैसे तमाम विभागों के सैकड़ो कर्मचारी जिले से 12 जनवरी को जयपुर की महारैली में शिरकत करेंगे। बैठक में नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जगदीश मान,कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र वशिष्ठ व नीरज कुमार शर्मा,ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर,जिलामंत्री सुशील भारद्वाज व प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार तोमर,आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन के श्रीराम गोस्वामी,

राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर,वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राधाकृष्ण शर्मा, संतोष पुरी,फिरोज खान, हेमेंद्र सिंह,दीपेश सिंघल,दिनेश शर्मा ,आमीन खान,भगवान दास पाराशर,राजेंद्र शर्मा,अनिल मिश्रा,आशीष राजपूत,संतोष शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# अपना घर में भर्ती मरीज के निधन के बाद नहीं हुई शिनाख्त

## तीन दिन रखा गया अस्पताल की मोर्चरी में शव,पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

### अपना घर पदाधिकारी और सदस्यों ने किया अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान



**बाडी ( राजू शर्मा )।** शहर की अपना घर में भर्ती एक मरीज की तबीयत बिगड़ने पर हुए निधन के बाद शव को पहचान के लिए सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया था। तीन दिन बाद भी जब मृतक मरीज की पहचान नहीं हुई तो पुलिस ने अपना घर के पदाधिकारी की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है और शव अपना घर के पदाधिकारीयो को सौंप दिया है। जिसका विधि-विधान से अपना घर के पदाधिकारियों ने अंतिम संस्कार किया है।

अपना घर आश्रम बाड़ी के संरक्षक विष्णु महेरे ने बताया की कुछ दिन पूर्व दिहौली पुलिस की सूचना पर एक मंदबुद्धि मरीज को बाड़ी अपना घर आश्रम में भर्ती किया गया था। जो मंदबुद्धि के साथ बीमारी से पीड़ित थे। उनका उपचार भी भर्ती होने के तुरंत बाद शुरू कर दिया गया। तबीयत में सुधार नहीं होने पर 1 जनवरी गुरुवार को उनका निधन हो गया। उन्हें आश्रम में रामप्यारे प्रभुजी नाम दिया गया था। परिजनों की पता लगाने के लिए कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट देने के बाद मोर्चरी में शव को शिनाख्ती के लिए रखा गया। लेकिन तीन दिन बाद भी परिजनों का कोई पता नहीं लगा।

ऐसे में कोतवाली एसएचओ देवेंद्र शर्मा के निर्देश पर पुलिस ने अपना घर समिति सदस्यों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया है और शव अपना घर पदाधिकारी को सौंप दिया। जिसका टीम सदस्यों और पदाधिकारियों ने विधि विधान से अंतिम संस्कार किया है।

# बाड़ी डिस्कॉम का बकाया को लेकर शहर और गांव में वसूली अभियान

## तीन टीमों ने 07 गाँवो से 60 लाख की बकाया पर उतारे 26 ट्रांसफार्मर

बढ़ता राजस्थान

बाडी (राजू शर्मा)। उपखंड के डिस्कॉम डिवीजन एक्सईएन गोविंद सिंह के निर्देश पर शनिवार को एईएन आरडी मीणा के नेतृत्व में डिस्कॉम की टीमों द्वारा बाड़ी शहर से जुड़े गांवों और कंचनपुर थाना क्षेत्र के गांवो में बकाया को लेकर कार्यवाही को अंजाम दिया है। डिस्कॉम की टीम द्वारा सुबह 8 बजे से चलाएं अभियान में शाम 04 बजे तक 07 गांवो में कार्रवाई को अंजाम दिया है। जहां से साढ़े साठ लाख की बकाया पर 26 ट्रांसफार्मर को लाइन से उतारा गया है। इस दौरान कुछ उपभोक्ताओं से तीन लाख का राजस्व भी प्राप्त हुआ है।

डिस्कॉम के एईएन आरडी मीणा ने बताया की उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को डिस्काम के सिटी जेईएन जगदीश मीण,ग्रामीण जेईएन कुलदीप शर्मा,जेईएन आयुष राज गुप्ता के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया। तीन टीमों द्वारा बाड़ी शहर से जुड़े गांव रानपुर,अतिराज पुरा और भगवान सिंह का पुरा के साथ कंचनपुर थाना क्षेत्र के गांव रहल,कांसपुरा,वेनपुरा और खेरली में कार्रवाई की है। टीम के सहयोग के लिए आरएसी के साथ कंचनपुर पुलिस की टीम मौजूद रही।

# नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर सुंदरकांड एवं और पौषबड़ा का किया आयोजन

## मंदिर में सजाई गई फूल बंगला झांकी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** हर वर्ष की भांति नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिधा भवन के सामने जवाहर नगर पर भव्य फूल बंगला झांकी, सुंदरकांड ,तथा पौषबडा का आयोजन नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया। मंदिर में सभी विग्रहों की फूल बंगला झांकी लगाई गई उसके उपरांत सुंदरकांड का संगीतमय आयोजन हुआ। कार्यक्रम में लगभग 1000 भक्तों को सभी मसालो से युक्त दाल के बडे तथा सूजी का हलवा का वितरण किया गया। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण लगभग 2 वर्ष पहले हुआ था। तब से मंदिर जवाहर नगर बापू नगर खादी कॉलोनी की आस्था का केंद्र बना हुआ है लोगों की अटूट श्रद्धा एव सहयोग प्राप्त हो रहा है मंदिर में भजन संध्या तथा अन्य सभी धार्मिक उत्सव और त्योहारों का आयोजन बड़े उत्साह से किया जाता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति जनप्रतिनिधि गण, जिला स्तरीय पदाधिकारी नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष लोकेश चौधरी सचिव लक्ष्मीकांत शर्मा आयोजन प्रभारी अनिल चतुर्वेदी उपाध्यक्ष साहब सिंह चौधरी कोषाध्यक्ष डोरी लाल शर्मातथा समस्त कार्यकारिणी सदस्य दयावती शर्मा गजेंद्र तिवारी विष्णु दत्त शर्मा अंकुर अग्रवाल दीनदयाल शर्मा तथा मंदिर महत संजय पंडित के अलावा मंदिर से जुड़े सभी भक्तगण उपस्थित उपस्थित थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** ब्रज नगर स्थित देवकरण उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल की एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी डॉ निमिषा गोड रही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा और मुकेश सिंघल रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना ने की।

बैठक में सर्वप्रथम मंडल की नयी कार्यकारिणी सदस्यों से परिचय प्राप्त किया तत्पश्चात सुशासन पखवाड़े में मंडल द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। जिला संगठन प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष ने आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को तैयार रहने के निर्देश दिए।

# स्कीम-10 की आवंटित भूमि के लिए प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

## आवंटित भूमि नहीं मिली तो आरबीएम विस्तारीकरण का सपना रह जायेगा अधूरा - सीताराम गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आरबीएम चिकित्सालय के विस्तारीकरण के लिए आवंटित 25 हजार वर्ग मीटर भूमि मेडिकल कॉलेज को सुपुर्द करने हेतु समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि यह भूमि चिकित्सालय विस्तारीकरण के लिए नहीं सौंपी गई तो आम लोगों को आसानी से सुलभ होने वाली चिकित्सा सेवाओं का सपना अधूरा रह जायेगा। गुप्ता ने प्रधानमंत्री से यह भी आग्रह किया है कि वे भाजपा की राजस्थान सरकार पर दबाव बनाकर सर्वजन हिताय से जुड़े इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार के बाद स्कीम-10 में आवंटित भूमि पर कब्जा दिलवायें अन्यथा प्राधिकरण इस भूमि को नीलामी के माध्यम से बेच देगा। उन्होंने यह भी कहा है कि आरबीएम चिकित्सालय भरतपुर संभाग का सबसे बड़ा चिकित्सालय है जिसमें संभाग के जिलों के अलावा पडौसी उत्तरप्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश राज्यों के रोगी उपचार के लिए आते हैं। अभी यह चिकित्सालय दो भागों में चल रहा है। पुराना जनाना चिकित्सालय में महिला, शिशु, नेत्र चिकित्सा विभाग संचालित हैं। आगे चलकर जब जनाना चिकित्सालय के विभाग आरबीएम में आ जायेंगे और नवीन विभाग खुलेंगे तो निश्चय ही वर्तमान चिकित्सालय भवन छोटा पड़ जायेगा। पत्र में कहा है कि अभी तक मेडिकल कॉलेज के आचार्य, सहआचार्य, सुपर स्पेशलिस्ट व पैरामेडिकल स्टाफके क्वार्टर चिकित्सालय परिसर में नहीं बने हैं। अधिकांश आचार्य व सहआचार्य मेडिकल कॉलेज परिसर में रहते हैं। दुर्घटना की आपात स्थिति में मेडिकल कॉलेज से चिकित्सालय तक पहुँचने में इन्हें काफी समय लग जाता है जिससे कुछ मामलों में रोगियों की मौत हो जाती है। इस भूमि के अलावा आसपास कोई सरकारी भूमि भी नहीं है जिसका उपयोग चिकित्सा विस्तारीकरण में किया जा सके।

# अशोक परनामी के जन्म दिवस पर वसुंधरा समर्थक मंच के कार्यकर्ताओं ने की उनकी दीर्घायु की कामना

- अशोक परनामी ने संगठन को मजबूत किया व उनके विधायक कार्यकाल में लोक कल्याणकारी कार्य हुए - विजय भारद्वाज
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने फूंकी कार्यकर्ताओं में जान - घनश्याम अवस्थी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** वसुंधरा समर्थक मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विजय भारद्वाज व प्रदेश मीडिया प्रभारी घनश्याम अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक परनामी के घर पहुंचे। उनको जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर उनको साफा व माला पहना कर और मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की और कहा कि अशोक परनामी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए संगठन को मजबूत किया व उनके विधायक कार्यकाल में लोक कल्याणकारी कार्य हुए। एडवोकेट विजय भारद्वाज व घनश्याम अवस्थी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व मुख्यमंत्री आयरन लेडी वसुंधरा राजे सिंधिया ने अभी हाल ही में कहा कि फोन नहीं उठाने वाले अधिकारी परिणाम भुगतेंगे, बूथ अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष हमारे एंबेसडर हैं उनके साइन से जनता के काम होने चाहिए। उन्होंने एक शेर भी पढ़ा कि ष्किसी रोते हुए चेहरे से आंसू पूछो तो सही, किसी बेसहारा की लाठी बनो तो सही। कहीं मत कर तलाश इसी जमीन पर है ईश्वर, किसी के जख्मों पर मरहम लगा तो सहीष् दोनों नेताओं ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता के सामने छाती ठोक कर कहें कि हमने विकास के कार्य किए हैं इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है एडवोकेट विजय भारद्वाज व घनश्याम अवस्थी ने आगे कहा कि अब तक लोग भ्रम फैला रहे थे कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे



सिंधिया के संबंधों में खटास है, उन पर उस समय विराम लग गया जब दोनों नेताओं को मंच साझा करते हुए देखा गया जिससे राजस्थान की जनता में एक उत्साह देखा जा रहा है और यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया अभी से 2028 के चुनावों की तैयारी में जुट चुके हैं। कुछ महीने बाद ही पंचायत व नगर पालिका परिषदों के चुनाव होने जा रहे हैं इन दोनों नेताओं की एकजुटता के चलते परिणाम भाजपा के पक्ष में ही आएंगे इसका कारण है कि भजनलाल शर्मा व वसुंधरा राजे सिंधिया ने अभी हाल ही में कार्यकर्ताओं में जो जोश भरा है उस से राजस्थान के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से चुनावों की तैयारी में जुट चुके हैं।

# एनएसएस के एक दिवसीय शिविर में साइबर अपराध से बचाव का दिया संदेश, श्रमदान से चमका महाविद्यालय परिसर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजकीय महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। शिविर का आयोजन एनएसएस अधिकारी प्रो. सवाई सिंह गुर्जर एवं एनएसएस प्रभारी रवीना मीणा के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने सहभागिता की।

शिविर के दौरान प्रो. सवाई सिंह गुर्जर ने साइबर अपराध जैसे गंभीर विषय पर व्यावहारिक और उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड सुरक्षा एवं व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपरिचित को ओटीपी न देना, अनजान लिंक पर क्लिक न करना और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करके साइबर अपराध से आसानी से बचा जा सकता है। साथ ही छात्रों को डिजिटल दुनिया में सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। बौद्धिक सत्र के उपरांत एनएसएस स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया।




इस दौरान गर्ल्स कॉमन रूम एवं खेल मैदान की साफ-सफाई की गई। घास, फूस, कूड़ा-करकट हटाकर परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया गया। श्रमदान के माध्यम से छात्रों ने स्वच्छता और सामूहिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी रवीना मीणा की सक्रिय भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। उनके कुशल नेतृत्व, सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणादायी मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों में अनुशासन, सेवा-भावना और उत्साह देखने को मिला। रवीना मीणा ने स्वयंसेविकाओं को आगे बढ़कर सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि एनएसएस केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। उनके प्रयासों से शिविर सुव्यवस्थित, प्रभावशाली और प्रेरक बन सका। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान और सामाजिक सेवा की भावना को भविष्य में भी निरंतर बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राष्ट्र सेवा और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ शिविर का सफल समापन हुआ।

# सेवानिवृत्ति पर हवलदार शत्रुघ्न सिंह का किया पूर्व सैनिकों ने सम्मान व स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**बाडी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के निकटवर्ती गांव में भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर आए हवलदार शत्रुघ्न सिंह का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन गौरव सेनानी संगठन के हवलदार जयवीर सिंह के आवास चपरोली में किया गया, और उसके बाद विभिन्न गौरव सेनानी संगठन के उपाध्यक्ष सूबेदार कम्पोटर साहब के आवास रांडोली गांव में कम्पोटर साहब ने गौरव सेनानी संघ के अध्यक्ष सूबेदार महेंद्र सिंह हर्षाना का भी सम्मान किया, हवलदार शत्रुघ्न सिंह का गांव कुशेड़ाकला गौरव सेनानी संगठन के सभी पूर्व सैनिक वर्तमान सैनिकों ने और गांव वासियों ने हवलदार शत्रुघ्न सिंह को माला और सफाओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। हवलदार शत्रुघ्न सिंह की धर्मपत्नी विमलेश का सभी सैनिकों ने भव्य स्वागत किया। इस स्वागत में पूर्व सैनिक वर्तमान सैनिक हवलदार जगन्नाथ, पैराकमांडो हवलदार राजवीर, हवलदार,बने सिंह पटवारी, हवलदार विशाल सिंह पटवारी, हवलदार विशाल सिंह ,हवलदार अम्रत सिंह, हवलदार जोगेंद्र सिंह, हवलदार जयवीर सिंह, हवलदार नरेश सरपंच, हवलदार कोमल साहब,सूबेदार कम्पोटर, सूबेदार महेंद्र सिंह ,सूबेदार महेंद्र सिंह हर्षाना जिला अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ गौरव सेनानी मौजूद थे।

# बाड़ी में नेत्र जांच शिविर, 340 मरीजों की जांच हुई : 115 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित, ग्वालियर में होगी निशुल्क सर्जरी

बढ़ता राजस्थान

**बाडी ( राजू शर्मा )।** स्वर्गीय श्री रामनिवास जी गर्ग (कम्पनी परिवार) की आठवीं पुण्य स्मृति में अपना घर सेवा समिति, बाड़ी द्वारा 10वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर जिला अंधता निवारण समिति, धौलपुर के सहयोग से तथा रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट, ग्वालियर के माध्यम से संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन 04 जनवरी 2026, रविवार को प्रातः 9 बजे से श्री सत्यनारायण धर्मशाला, बाड़ी में किया गया। शिविर में कुल 340 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनकी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। जांच उपरांत 115 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। चयनित मरीजों के ऑपरेशन वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भसीन द्वारा रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट, ग्वालियर में किए गए। आयोजकों ने बताया कि ऑपरेशन वाले मरीजों को लेंस, दवाइयां, चश्मा, भोजन, आवास तथा ग्वालियर ले जाने व लाने की संपूर्ण व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। समिति द्वारा मोतियाबिंद से पीड़ित अधिक से अधिक मरीजों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई। इस अवसर पर बाड़ी के प्रमुख उद्योगपति एवं अपना घर सेवा समिति के संरक्षक सुनील गर्ग एवं राकेश गर्ग (कम्पनी परिवार) का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा, जिनके संरक्षण में यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर के सफल आयोजन



में अपना घर सेवा समिति पुरुष एवं महिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, सचिव हरिओम सिंघल, महिला अध्यक्ष ऊषा मित्तल, सचिव नीलम मंगल, रोशनी शिवारे ,-संयोजक रामनिवास अग्रवंशी के साथ-साथवरिष्ठ पदाधिकारी मनोज मोदी, अमित मंगल, रामसेवक मंगल, अनिल मंगल, पप्पन, राजेश शर्मा, जगन्नाथ कोहली, राजुद्दीन (एडवोकेट), नीरज गौड़, महेश सर्राफ, विजय सिंघल, कपिलश गर्ग, हरिओम सिंघल सहित समिति के सभी सदस्यों ने सेवा भावना से सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## डांगी पटेल समाज द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता गिलुंड एवं उपविजेता नया मायरा की टीम रही



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** डांगी पटेल समाज द्वारा आयोजित 13वीं खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को क्षैत्र के ग्राम लांगच के खेल मैदान पर हुआ।साथ ही अतिथियों द्वारा विजेता उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता आयोजक कमेटी के सदस्य देवीलाल डांगी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में कब्बड्डी की 60 टीमों ने भाग लिया तथा विजेता गिलुंड व उपविजेता नया मायरा की टीम रही।साथ ही वॉलीबॉल में विजेता सोमावास एवं उपविजेता खोड़ीप की टीम रही।बालिका वर्ग कब्बड्डी में ठिकरिया विजेता व उपविजेता कोदीया खेड़ी की टीम रही।साथ ही अंडर 18 पुरुष वर्ग के मैच हुवे।जिसमे कब्बड्डी में सतखंडा व उपविजेता रतनपुर की टीम तथा वॉलीबॉल में देवरी विजेता व उपविजेता सोमावास की टीम रही।रस्साकसी में विजेता पिनोदडा व उपविजेता सतखंडा रहीं। इस समापन कार्यक्रम में प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष अनिल डांगी,भूमि विकास बैंक चेयरमैन बद्रीलाल जाट,पूर्व जिला प्रमुख गब्बरसिंह अहीर,रामसिंह डांगी प्रतापगढ़,पूर्व मंडल अध्यक्ष रतन डांगी,मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर,मण्डल महामंत्री कैलाश सुखवाल, मीडिया प्रभारी हरीश सुखवाल,जीएसएस अध्यक्ष बद्रीलाल जाट,खेलमंत्री मंगनीराम डांगी,जिलाध्यक्ष राजमल डांगी,पूर्व अध्यक्ष नटवर डांगी,महामंत्री कैलाश डांगी,रामलाल तेजपुरा,सचिव देवीलाल डांगी, पूर्व प.स. सीमा डांगी,जिला प्रवक्ता शोभालाल डांगी, संघठन मंत्री हीरालाल,पालोद सरपंच सुरेश डांगी,ग्राम पंचायत लांगच सरपंच शांतिलाल डांगी,सामरी सरपंच प्रतिनिधि कुकालाल,सेमलिया सरपंच प्रतिनिधि राजू डांगी,देवरी सरपंच प्रतिनिधि मंगनीराम डांगी,असावरा मंडल महामंत्री सुरेश सोमावास,समाजसेवी रामचंद्र ठिकरिय सहित डांगी पटेल समाज के गणमान्यजन एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा।आगंतुक अतिथियों द्वारा उक्त प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता रही टीमों को पुरस्कृत किया गया।यहां डांगी पटेल समाज की आगामी 14वीं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के ग्राम गिलुंड में किया जायेगा।

## शानो शौकत के साथ कपासन में कल मनाया जायेगा जश्ने अशरफी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** हजरत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी र.अ. की याद मे मंगलवार 6 जनवरी को जश्ने अशरफ मनाया जायेगा। बज्मे अशरफी के सैक्रेट्री एवं पूर्व पार्षद अशरफ हुसैन अंसारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति किछोछा शरीफ जिला अम्बेडकर नगर उत्तर प्रदेश मे स्थित दरगाह हजरत मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी र.अ. की याद मे मंगलवार को नगर के मोमीन मोहल्ला में नहर के पास बाद नमाजे ईशा जश्ने अशरफ बड़ी शानो शोकत के साथ मनाया जायेगा।इस मौके पर जश्ने अशरफ मे पीरे तरीकत औलादे गौसे आजम हजरत अल्लामा अलहाज डॉ. सैयद जलालुद्दीन अशरफ उर्फ कादरी मियां (चेयरमेन मखदूम अशरफ मिशन पण्डवा शरीफ जिला मालदा पश्चिम बंगाल) की तकरीर होगी।शायरे इस्लाम उस्मान गनी के साथ ही मुकामी व बैरोनी ओलमाऐ किराम व शोएरा हजरात शिरकत करेंगे। बज्मे अशरफी के सदर अब्दुर्रज्जाक मंसूरी ने बताया कि हजरत कादरी मियां बुधवार प्रात: डबोक हवाई अड्डे से लखनउ तशरीफ ले जायेगें।

## अधिवक्ताओं का स्नेह मिलन, नववर्ष 2026 का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा के अधिवक्ता अनिल कुमार पारीक के नेतृत्व में सिंदरी स्थित बालाजी धाम पर नववर्ष 2026 के अवसर पर अधिवक्ताओं का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने पारंपरिक राजस्थानी व्यंजन सामूहिक रूप से तैयार कर स्नेहपूर्ण वातावरण में भोजन का आनंद लिया। समारोह के दौरान मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें अधिवक्ता बालूलाल उपाध्याय एवं सरिता स्वर्णकार विजेता रहे। उन्हें अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद भीलवाड़ा के सचिव पीरू सिंह गौड़ द्वारा परितोषिक प्रदान किए गए। इस अवसर पर कानूनी विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा अधिवक्ताओं ने न्यायालय में पैरवी के दौरान प्राप्त अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शीबा जॉन, पल्लवी काबरा, दीपक चतुर्वेदी, पुखराज, राहुल पोरवाल, आरती कुमावत, अनिल सोनी, विकास टेलर, कन्हैयालाल तेली सहित अनेक अधिवक्ता साथियों का सहयोग रहा।

प्रतापनगर थाना पुलिस की साइबर ठगों पर बड़ी कार्रवाई

## नामी व्यक्ति की फर्जी व्हाट्सएप पहचान बनाकर 40 लाख की ठगी, आरोपी जालौर से गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए नामी व्यक्ति की फर्जी व्हाट्सएप पहचान बनाकर ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को जालौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी और उसके साथियों द्वारा राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित कई राज्यों में साइबर ठगी की वारदातें करना सामने आया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर एवं संगठित अपराध विरोधी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारस जैन के निर्देशन तथा वृताधिकारी (शहर) सज्जन सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस के अनुसार 28 जुलाई 2025 को भीलवाड़ा निवासी मिट्ठा लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचनाओं के आधार पर जांच करते हुए आरोपी ईश्वर मेघवाल को जालौर से डिटेन कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह सोशल मीडिया और कॉलर आईडी का दुरुपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बनाता था।



# केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की एक और पहल:संसदीय क्षेत्र के 75 गांवों में लगाई जाएंगी 1640 सोलर लाइटें

### विभिन्न कंपनियों के सीएसआर मद से करवाया जाएगा कार्य, रात में रोशन होंगे गांवों के प्रमुख स्थान

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** केंद्रीय कानून मंत्री तथा बीकानेर सांसद अर्जुन राम मेघवाल की एक और पहल तथा प्रयासों से संसदीय क्षेत्र के गांवों में विभिन्न कंपनियों के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) मद के तहत 1640 सोलर लाइटें लगाई जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के दौरों के दौरान ग्रामीणों द्वारा गांवों के प्रमुख स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की जाती रही है। इसे ध्यान रखते हुए देश की प्रमुख कंपनियों के सीएसआर मद से यह व्यवस्था करवाई गई है। उन्होंने बताया कि इसके तहत संसदीय क्षेत्र 75 गांवों के स्कूलों, मंदिरों, चौराहों और प्रमुख स्थानों पर यह सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। मेघवाल ने बताया कि नोखा, श्रीडूंगरगढ़, लूणकरणसर तथा अनूपगढ़ के 15-15 गांवों में 330-330 तथा खाजूवाला के 15 गांवों में 320 सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। इससे आमजन को रात के समय आवागमन में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जल्दी ही इसे पूर्ण भी कर दिया जाएगा। मेघवाल ने बताया कि नोखा विधानसभा के पांचू, काकड़ा और रोड़ा में 30-30 तथा किसनासर, सारुंडा, रासीसर पुरोहितान, हिम्मटसर, सलुंडिया, उड़सर, धूपालिया, कुदसू, रातडिया, चरकड़ा, रासीसर और शोभाणा में 20-20 सोलर लाइट लगाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा के पूनरासर, पुंदलसर और मोमासर में 30-30 तथा कितासर विदावतान, केऊ, हेमासर, झंझेउ, रीडी, जोधासर, दुलचासर, भोजास, आडसर, सूरजनसर, जैसलसर और बेनिसर में 20-20 सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। इसी प्रकार लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र के सिंथल, कालू और महाजन में 30-30, वहीं जोगियासन, मकड़ासर, फूलदेसर, धीरेरा स्टेशन, खारड़ा, बामनवाली, सहजरासर, नाथूसर, घेसुरा, मलकीसर, करणीसर और कंकड़वाला में 20-20 सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। मेघवाल ने बताया कि खाजूवाला विधानसभा के छत्तरगढ़ और नालबड़ी में 30-30 तथा कानासर, उदासर, चार बीएम सरदारपुरा, फलावाली, भुट्टों का कुआं, खारा, धोलेरा, हुसंगसर, पार्वती तलाई, आशापुरा, दंतोर, बल्लर और जयमलसर में 20-20 सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर जिले की अनूपगढ़ विधानसभा की नई घड़साना मंडी, रावला 8 पीएसडी-बी तथा दो एसटीआर में 30-30 सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। वहीं 3 एमएलडीबी, 2 एलएमबी, 7 केएनडी, 3 एसटीआर, 1 एमएलकेसी जालवाली, 15 केएनडी-बी, 12 केडी गुजारी, 11 केएनडीबी, 5 बीडीबी, 13 केएनडीसी, 4 एलएम और 14 के में 20-20 सोलर लाइटें लगाई जाएंगी।

## विहार सेवा ग्रुप निंबाहेड़ा ने कराया 396वां विहार, शासन सेवा में रचा नया अध्याय

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** विहार सेवा ग्रुप निंबाहेड़ा द्वारा जैन शासन सेवा के अंतर्गत रविवार को 396वां विहार सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। यह विहार प.पूज्या साध्वी कीर्तिरेखा श्री म.सा. ठाणा 4 का रहा, जो बांगरेडा चौराहा से प्रारंभ होकर अभय जारोली के निजी आवास, शांति नगर तक लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय कर सम्पन्न हुआ। विहार सेवक अतुल बोडाना ने बताया कि विहार अत्यंत शांत, सुव्यवस्थित एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सेवाभावी श्रावकों ने सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि विहार सेवा ग्रुप का उद्देश्य केवल सेवा नहीं बल्कि साधु-साध्वी भगवंतों के प्रति समर्पण भाव को जन-जन तक पहुँचाना है। दिलीप पारख के अनुसार, वर्ष 2019 में प्रारंभ हुए विहार संकल्प ने आज 396वें विहार तक की यात्रा पूरी कर ली है, जो निंबाहेड़ा ही नहीं अपितु पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यह निरंतरता इस बात का प्रमाण है कि समाज में सेवा, समर्पण और संगठन की भावना निरंतर सशक्त हो रही है। उक्त विहार में सेवा देने वाले सौभाग्यशाली विहार सेवकों में तखतसिंह सिंघवी, दिलीप पारख, अशोक तेजीवत, दिलीप पामेचा, दिलीप नागोरी, मनोहर बोहरा, राजेश मेहता, सौरभ बोडाना, अतुल बोडाना, महेश गोयल, प्रशांत जारोली एवं राहुल जारोली शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अपने निजी वाहनों से विहार सेवकों को लाने-ले जाने में सहयोग करने वाले वाहन सारथियों में दिलीप पामेचा, मनोहरलाल बोहरा एवं प्रशांत जारोली रहे। विहार सेवा ग्रुप निंबाहेड़ा ने सभी पैदल सेवकों एवं वाहन सारथियों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा कि 396 विहार संपन्न कर समूह ने शासन सेवा में एक नया अध्याय स्थापित किया है, जो आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

## धर्मनगरी ब्यावर में आज गूंजेगा जयघोष संत सान्निध्य से पावन होगा नगर

### जैन मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश, 51 थालों से होगा चरणों का पाद पक्षालन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** धर्म, श्रद्धा और संयम की त्रिवेणी से आज ब्यावर नगरी आध्यात्मिक उल्लास में सराबोर होगी। जैन मुनि श्री 108 आदित्य सागर महाराज संघ का आज सोमवार को ब्यावर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। मुनि संघ का नगर आगमन प्रातः लगभग 8.30 बजे होने की संभावना है। इस पावन अवसर को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा स्वागत की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं श्री दिगम्बर जैन समाज के प्रवक्ता अमित गोधा ने बताया कि भव्य मंगल प्रवेश जुलूस सोमवार सुबह 8.30 बजे भगत चौराहा से प्रारंभ होगा। ढोल-नगाड़ों व बैण्ड-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा सरावगी मोहल्ला, बड़ा मंदिर जी, पांचबत्ती, अजमेरी गेट होते हुए दिगम्बर जैन पंचायती नसियां पहुंचेगी, जहां धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। जुलूस मार्ग में विक्रांत होटल चौराहे पर 51 थालों में मुनि श्री के चरणों का पाद पक्षालन किया जाएगा, जो इस मंगल प्रवेश का विशेष आकर्षण रहेगा। पूरे मार्ग को आकर्षक स्वागत द्वार, तोरण और भव्य सजावट से सजाया गया है। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक काला ने बताया कि मुनि श्री का मंगल प्रवेश ब्यावर जैन समाज के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है। नगर में श्रद्धालुओं में दर्शन, वंदन एवं धर्मलाभ के लिए विशेष उत्साह व्याप्त है।

## माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनाई



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल )।** राजमार्ग संख्या-48 स्थित गणेश ट्रांसपोर्ट परिसर में बालिका शिक्षा की अलख जगाने वाली प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती अध्यक्ष रामसिंह सैनी की अध्यक्षता में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान माता सावित्रीबाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थितजनों को मिठाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान संरक्षक एवं पूर्व शिक्षा उपनिदेशक देवी सहाय सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने सामाजिक कुरीतियों को तोड़ते हुए बालिका शिक्षा की नींव रखी, जिसका लाभ आज पूरा समाज उठा रहा है। उनके संघर्ष और योगदान से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। ओपी बायला ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम बनाया। आज आवश्यकता है कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। वहीं गणेश सैनी ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है और सावित्रीबाई फुले का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में भीमसेन सैनी, सीए अशोक सैनी, दौलत सैनी, कमलेश यादव, राकेश कुमार, हवासिंह जाट, राम किशन, लोकेश कुमार, हेमंत, सोणाराम सैनी, मोनू एवं फुलेंद सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों की एकजुट आवाज़: अधिकारों की लड़ाई के लिए ब्यावर से जयपुर तक हुंकार

### 12 जनवरी की महारैली को लेकर महासंघ की रणनीतिक बैठक, पदोन्नति व कोटा निर्धारण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला शाखा ब्यावर की एक महत्वपूर्ण बैठक पटवार विश्रांति भवन में जिलाध्यक्ष जवरीलाल प्रजापत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए बैठक में महासंघ द्वारा 12 जनवरी 2026 को राजधानी जयपुर में आयोजित की जाने वाली महारैली की पूर्व तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान महासंघ के सभी घटक दलों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए रैली को ऐतिहासिक व प्रभावशाली बनाने का आह्वान किया गया राजस्थान पटवार संघ जिला शाखा ब्यावर की ओर से यह प्रस्ताव रखा गया कि तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक कर्मचारियों की पदोन्नति को लेकर कोटा निर्धारण की मांग लंबे समय से लंबित है, जिस पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस गंभीर विषय को लेकर यह निर्णय लिया गया कि उक्त मांग को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के मांग पत्र में सम्मिलित किया जाएगा इसके साथ ही महासंघ के प्रत्येक घटक दल के प्रतिनिधियों को 12 जनवरी की महारैली में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया बैठक में राजस्थान पंचायत राज माध्यमिक शिक्षक संघ ब्यावर के जिला सभाध्यक्ष बदाराम अणकिय, जिला मंत्री अर्जुन कुमावत, पूर्ण कुमार लोहार, राजस्थान पटवार संघ जिला अध्यक्ष मूलाराम भाटी, सुनील डेटानी (कानूनगो संघ), ग्राम विकास अधिकारी संघ रायपुर से नरेंद्र कटारिया, अजीत सिंह चौधरी (कोषाध्यक्ष पटवार संघ), अभिषेक मीणा पटवारी, सुरेश जेवलिया संयोजक जवाजा सहित अनेक कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा और जयपुर की महारैली कर्मचारियों की आवाज़ को मजबूती से सरकार तक पहुंचाएगी।

**राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का 24वां महाधिवेशन संपन्न, जगदीश राज श्रीमाली पुनः प्रदेश अध्यक्ष घोषित**

## मजदूर की आवाज़ बनी बुलंद: ब्यावर से उठा अधिकारों का हुंकार

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर कांग्रेस का हाथ मजदूर के साथ इस संकल्प को साकार करते हुए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस, राजस्थान (इंटक) का 24वां महाधिवेशन औद्योगिक नगरी ब्यावर में होटल राजमहल में भव्य रूप से आयोजित हुआ। महाधिवेशन में प्रदेश भर से आए हजारों मजदूरों व इंटक नेताओं ने भाग लेकर श्रमिक एकता और संघर्ष की ताकत का प्रदर्शन किया कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगीत से की गई। इसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के संस्थापक स्व. पं. बृजमोहन लाल शर्मा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई मंच पर आसीन अतिथियों का माला, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। प्रमुख रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी राकेश्वर पांडे, प्रदेश अध्यक्ष इंटक जगदीश राज श्रीमाली, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर अध्यक्ष किशोर चौधरी, पूर्व विधायक माणक डाणी, पूर्व विधायक सी.डी. देवल, पूर्व मंत्री सुरेंद्र गोयल, पूर्व विधायक राकेश पारीक सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस एवं इंटक नेता उपस्थित रहे। महाधिवेशन में इंटक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने संगठन की चुनाव प्रक्रिया के तहत जगदीश राज श्रीमाली का नाम प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया, जिस पर सभी जनप्रतिनिधियों व कार्यसमिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन प्रदान किया। इसके बाद जगदीश राज श्रीमाली को पुनः प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। चुनाव प्रभारी राकेश्वर पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल अधिवेशन नहीं, बल्कि श्रमिक सम्मान, सुरक्षा और संविधान की रक्षा का मंच है। केंद्र सरकार की नीतियाँ श्रमिकों को अस्थायी और अधिकारविहीन बनाने की दिशा में बढ़ रही हैं। हायर-फायर नीति, ठेका प्रथा का विस्तार और यूनियन अधिकारों पर अंकुश श्रम सुधार नहीं, बल्कि श्रम शोषण है नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली ने कहा कि नए श्रम कानूनों ने नौकरी की सुरक्षा, हड़ताल का अधिकार और संगठन की स्वतंत्रता को कमजोर किया है। आज ठेका, गिग और असंगठित मजदूर सबसे अधिक असुरक्षित हैं। यदि श्रमिक-विरोधी कानून वापस नहीं लिए गए, तो इंटक गली-गली और कारखाने-कारखाने आंदोलन करेगी कार्यक्रम को पूर्व विधायक सी.डी. देवल, पूर्व मंत्री सुरेंद्र गोयल, पूर्व विधायक माणक डाणी एवं पूर्व विधायक राकेश पारीक ने भी संबोधित किया अंत में इंटक जिलाध्यक्ष बरकत अली कुरैशी ने सभी अतिथियों, प्रतिनिधियों और श्रमिक साथियों का आभार व्यक्त करते हुए महाधिवेशन के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# ओडिशा के ढेंकनाल में पत्थर की खदान की चट्टान गिरी

## 2 मजदूरों की मौत, कई अब भी फंसे; ड्रिलिंग करते वक्त हुआ हादसा



बढ़ता राजस्थान

**ढेंकनाल (एजेंसी)।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक पत्थर की खदान में चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। पुलिस के मुताबिक हादसा शनिवार शाम को हुआ, जब गोपालपुर गांव के पास बनी खदान में कुछ मजदूर ड्रिलिंग और पत्थर निकालने का काम कर रहे थे। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि कुछ अभी भी फंसे हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे फायर सर्विस अधिकारी ने बताया कि फायर सर्विस टीमें, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स की टीमें, डॉग स्क्वाड और बचाव अभियान में लगी मशीनों को इलाके में भेजा गया है।

रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि खदान के पास विस्फोट करने की परमिशन नहीं थी। जिला खनन कार्यालय ने 8 सितंबर 2025 को पट्टाधारक को नोटिस जारी कर खदान बंद करने का निर्देश दिया था।

### कलेक्टर बोले- अब तक 2 शव मिले

ढेंकनाल कलेक्टर आशीष ईश्वर पाटिल ने बताया कि अब तक दो शव बरामद किए गए हैं। बचाव अभियान रविवार सुबह 7 बजे शुरू हुआ जो अभी भी जारी है। मरने वालों में से एक बालासोर का और दूसरा मयूरभंज या क्योंझर का हो सकता है। अभी तक पूरी पहचान की पुष्टि नहीं हो पाई है। पट्टा समाप्त होने के बाद भी उन्होंने खनन कार्य जारी रखा। अवैध खनन के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार के राज्यपाल बोले- दुनिया में खून-खराबे के जिम्मेदार हम

## जबलपुर में रामायण कांफ्रेंस में कहा- शांति का संदेश नहीं दे पाए इसलिए बढ़ी हिंसा



बढ़ता राजस्थान

**जबलपुर।** दुनिया में जारी खून-खराबे और हिंसा के लिए हम खुद काफी हद तक जिम्मेदार हैं। भारत के पास शांति और एकात्म का संदेश है, लेकिन हम उसे दुनिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचा नहीं पाए। यह बात बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने जबलपुर में आयोजित चौथे वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा को निंदनीय बताते हुए कहा कि यह मानव संवेदना और करुणा का मामला है। इससे पहले राज्यपाल के आगमन पर मानस भवन में राम-राम भजन से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने मंचासीन संत कल्याणदास जी महाराज के चरण स्पर्श किए। राष्ट्रगान के बाद संतों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।

### मानव प्रतिष्ठा ही शांति की बुनियाद

राज्यपाल ने कहा कि पूरी दुनिया शांति चाहती है, लेकिन इतिहास बताता है कि हर दौर में इंसानी खून सस्ता समझा गया। वर्ष 1948 में मानवाधिकारों की अवधारणा आई, जिसमें मानव प्रतिष्ठा को मूल आधार माना गया, लेकिन व्यवहार में हम आज भी खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानते हैं। मैं सही हूं, बाकी सब गलत—यही सोच हिंसा को जन्म देती है।

### ये भी बोले आरिफ मोहम्मद

राम भारत की एकात्मकता का प्रतीक उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति वेदों, उपनिषदों, गीता और रामचरित मानस पर आधारित है, जहां यह सिखाया गया है कि हर शरीर मंदिर है और परमात्मा हर व्यक्ति के हृदय में निवास करता है। प्रभु श्रीराम भारत की एकात्मता के प्रतीक हैं। जब हम हर व्यक्ति में दिव्यता देखेंगे, तभी वास्तविक एकता संभव होगी। सत्संग और आध्यात्मिकता पर जोर राज्यपाल ने तुलसीदास की चौपाई और श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्संग से वैराग्य, विवेक और तत्वज्ञान की प्राप्ति होती है, जो अंततः मुक्ति का मार्ग दिखाता है। उन्होंने आदिगुरु शंकराचार्य की भज गोविंदम् रचना का भी उल्लेख किया। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा स्वीकार्य नहीं मीडिया से बातचीत में आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या और हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। ऐसी घटनाओं पर संवेदना और मानवीय करुणा के आधार पर एकजुट होकर आवाज उठाने की जरूरत है।

## पीएम मोदी ने 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का किया उद्घाटन

# बनारस में जोश हाई रहेगा, जेन-जेड के हाथों में तिरंगा देख गर्व होता है : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में रविवार को 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने चैंपियनशिप में हिस्सा लेने आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और स्थानीय सांसद होने के नाते उनका स्वागत किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि वाराणसी को जानने के लिए यहां आना पड़ता है। आप सभी यहां आ गए हैं। आप वाराणसी को समझिए, जानिए। आपको यहां खेल का अच्छा माहौल मिलेगा और दर्शक भी अच्छे मिलेंगे। देश के 28 राज्यों की टीमें यहां जुटी हैं, यानी आप सब एक भारत और श्रेष्ठ भारत की सुंदर तस्वीर भी प्रस्तुत कर रहे हैं। आपने जो मेहनत की है, आने वाले दिनों में काशी के मैदान पर उसकी परीक्षा होगी।





### वॉलीबॉल हमें टीम स्पिरिट से जोड़ता है

पीएम ने कहा, वॉलीबॉल सिर्फ एक आम खेल नहीं है। यह बैलेंस और सहयोग का खेल है, जहां पक्का इरादा और दृढ़ इच्छाशक्ति दिखती है। यह हमें सिखाती है कि बॉल को किसी भी कीमत पर हवा में रखना चाहिए। वॉलीबॉल हमें टीम स्पिरिट से जोड़ता है। हर कोई अपने लिए नहीं, बल्कि अपनी टीम के लिए खेलता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में, खेल को लेकर सरकार और समाज दोनों की सोच में साफ बदलाव आया है। सरकार ने खेल बजट में काफी बढ़ोतरी की है। आज, भारत का खेल मॉडल एथलीट-केंद्रीत हो गया है। टैलेंट की पहचान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण से लेकर प्रतिभा के मुताबिक चयन के आधार पर हम आगे बढ़ रहे हैं।

### बनारस ने कई खेलों के नेशनल खिलाड़ी भी दिए हैं

प्रधानमंत्री ने कहा, बनारस ने कई खेलों के नेशनल खिलाड़ी भी दिए हैं। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, यूपी कॉलेज, काशी विद्यापीठ जैसे शिक्षा संस्थानों के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर छाए रहे हैं। काशी तो हजारों वर्षों से उन सबका सत्कार करती आई है, जो ज्ञान और साधना के लिए यहां जाते हैं। इसलिए मुझे विश्वास है कि नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के दौरान बनारस का जोश हाई रहेगा। जब देश विकास करता है, तो यह प्रगति सिर्फ आर्थिक मोर्चे तक सीमित नहीं रहती, यह आत्मविश्वास खेल के मैदान पर भी दिखता है। यही हम बीते कुछ वर्षों में हर खेल में देख रहे हैं।

### 2014 के बाद से अलग-अलग खेलों में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ

पीएम ने कहा, 2014 के बाद से अलग-अलग खेलों में भारत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। हमें बहुत गर्व होता है जब जेन जी को खेल के मैदान पर तिरंगा फहराते देखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम स्कूल लेवल पर एथलीट्स को ओलंपिक खेल का एक्सपोजर देने के लिए भी काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया पहल की वजह से सैकड़ों युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मौका मिला है। कुछ दिन पहले, सांसद खेल महोत्सव खत्म हुआ। इसमें भी करीब एक करोड़ युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सरकार ने खेल क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं। नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट और खेलो भारत नीति 2025 के जरिए, सही टैलेंट को मौके मिलेंगे और खेल संस्थानों में ज्यादा ट्रांसपेरेंसी पक्की होगी। टॉप्स जैसी पहल भारत में एक मजबूत और सस्टेनेबल स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाने में मदद कर रही हैं। एक समय था जब सरकार और समाज दोनों ही खेल के प्रति बेपरवाही दिखाते थे। एथलीट्स भी अपने भविष्य को लेकर परेशान रहते थे।

उन्होंने कहा, बीते दशक में कई शहरों में फीफा वर्ल्ड कप, हॉकी विश्व कप, चेस से जुड़े बड़े इवेंट्स सहित 20 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय इवेंट आयोजित किए गए हैं। भारत पूरी मजबूती से 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी प्रयास कर रहा है।

पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से बनारस को एक्सप्लोर करने का भी अनुरोध किया। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खिलाड़ियों का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री राठौड़ ने राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026 का किया उद्घाटन

# राजस्थान एआई के क्षेत्र में निवेश हेतु आदर्श गंतव्य-सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को जयपुर में राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट—2026 का उद्घाटन किया। कर्नल राठौड़ ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रौद्योगिकी अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के सशक्तीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरी है। गांव—देहात का व्यक्ति आज आईटी के माध्यम से वैश्विक तन्त्र से जुड़ रहा है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार की एआई एवं तकनीकी नीतियों एवं दक्ष युवा संसाधन की उपलब्धता के कारण आज तकनीकी क्षेत्र में निवेश के लिए राजस्थान एक आदर्श गंतव्य है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के सक्षम नेतृत्व में प्रदेश में उद्योग, रोजगार, शिक्षा, कृषि सभी क्षेत्रों एआई के उपयोग को निरन्तर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राजस्थान सरकार द्वारा आईस्टार्ट के माध्यम से हजारों स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि उद्यमियों के सबसे बड़े वैश्विक नेटवर्क टाई द्वारा ग्लोबल समिट के लिए पहली नॉन मेट्रो सिटी के रूप में जयपुर का चुनाव एक एआई हब के रूप में राजस्थान की संभावनाओं को रेखांकित करता है। इस ग्लोबल समिट के माध्यम से नवाचार, निवेश एवं उद्यमिता को एक मंच पर लाया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन दिनों में 100 से अधिक स्टार्टअप्स को वैश्विक निवेशकों के समक्ष पिच करने का अवसर मिलेगा। 35 विश्वविद्यालयों द्वारा एआई एवं तकनीकी क्षेत्र में नए विचारों पर मंथन किया जाएगा।

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने समिट की रूपरेखा बताते हुए कहा कि राजस्थान में तकनीक के माध्यम से निवेश, कौशल और सेवा प्रदायगी को बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आविष्कार सिर्फ प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहें, इसके लिए प्रदेश

### दक्ष युवा और संसाधनों की प्रचुर उपलब्धता के साथ राजस्थान बन रहा तकनीकी क्रांति में अग्रणी

में तकनीक के क्षेत्र में अवसर बढ़ाए जा रहे हैं और विभाग द्वारा युवा स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने हेतु समुचित वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा है।

टाई के सह-संस्थापक और निदेशक श्री महावीर प्रताप शर्मा ने कहा कि राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट के माध्यम से नीति निर्माण, रोजगार सृजन, तकनीकी उद्यमिता एवं सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के विस्तार को बढ़ावा मिलेगा। जयपुर एक नवाचार के हब के रूप में तकनीकी क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। डिजिफेस्ट के माध्यम से स्थानीय स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलने के साथ साथ वैश्विक निवेशकों का देश प्रदेश से जुड़ाव बढ़ेगा। एनवीडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (अमरीका) श्री शंकर त्रिवेदी ने कहा कि एआई के माध्यम से हर क्षेत्र में नए अवसरों का सृजन होता है। एआई के क्षेत्र में नए विचारों पर व्यापक मंथन एवं निवेश हेतु उद्यमियों के लिए राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट एक शानदार मंच है। टाई ग्लोबल के अध्यक्ष डॉ. मुरली बुक्कापटनम ने कहा कि टाई के माध्यम से नवोन्मेषी सोच और उद्यम को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। आज एआई सर्वाधिक तेजी से बढ़ रहा एवं अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। उन्होंने जयपुर में राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट के आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मंच पर पहुंचने के अवसर मिलेंगे।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग विभाग के आयुक्त श्री हिमांशु गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिट में उपस्थित जनसमूह को विभागीय योजनाओं से अवगत करवाया। उद्घाटन सत्र में उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त श्री सुरेश ओला भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री की विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

## राजस्थान की मिट्टी में निवेश करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों की आवश्यकताओं और सुविधाओं को केंद्र में रखते हुए नीतियों का निर्माण कर रही है। इसी कड़ी में राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी, राजस्थान एआई एमएल पॉलिसी जैसी प्रमुख नीतियां लाई गई है। ये नीतियां राजस्थान को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में हब बनाएगी। श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 में आमंत्रित कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशकों का राजस्थान में विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यहां की अनमोल मिट्टी में निवेश करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति भी होती है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में राजस्थान आएं, राज्य सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम सब मिलकर राजस्थान को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों के साथ निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उनके सुझाव और आवश्यकताओं पर त्वरित कार्य करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने राजीविका की महिलाओं को स्टार्टअप्स से जोड़ने के निर्देश भी दिए।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# ब्रिटेन-फ्रांस ने सीरिया में की एयर स्ट्राइक, बमों से उड़ाया आतंकियों का भूमिगत हथियार डिपो

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन और फ्रांस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में सीरिया के अंदर आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। लड़ाकू विमानों ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक संदिग्ध भूमिगत हथियार डिपो पर बमबारी की। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा कि इस हमले में किसी आम नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचा है और सभी एयरक्राफ्ट ऑपरेशन के बाद सुरक्षित लौट आए हैं। सीरिया में इस्लामिक स्टेट ग्रुप (दाएश आतंकवादी संगठन) फिर से उभरने की कोशिश में है, जिसने 2019 तक सीरिया के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था। इसे रोकने के लिए ब्रिटेन ने फ्रांस के साथ मिलकर ऑपरेशन किया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा, रॉयल एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट मार्च 2019 में अपनी सैन्य हार के बाद दाएश आतंकवादी ग्रुप के किसी भी संभावित पुनरुत्थान को रोकने के लिए सीरिया के ऊपर गश्त करना जारी रखे हुए हैं। सावधानीपूर्वक खुफिया विश्लेषण ने पलमायरा के प्रमुख स्थल से कुछ मील उत्तर में पहाड़ों में एक भूमिगत ठिकाने की पहचान की। इस ठिकाने पर दाएश का कब्जा था, जिसका इस्तेमाल हथियार और विस्फोटक जमा करने के लिए किया जाता था। ठिकाने के आसपास के क्षेत्र में कोई नागरिक बस्ती नहीं है। रॉयल एयरफोर्स के टाइफून एफजीआर4एस फाइटर जेट्स ने फ्रांसीसी विमानों के साथ एक संयुक्त कार्रवाई में 3 जनवरी की शाम को भूमिगत ठिकाने पर हमला किया। विमानों ने ठिकाने तक जाने वाली कई सुरंगों को निशाना बनाने के लिए पेववे-4 गाइडेड बमों का इस्तेमाल किया। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि शुरुआती संकेत हैं कि लड़ाकू विमानों ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया।

रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें विमानों को वॉयेजर एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग टैंकर से ईंधन सपोर्ट लेते दिखाया गया।

रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा, यह कार्रवाई हमारे ब्रिटेन के नेतृत्व और अपने सहयोगियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने के हमारे पक्के इरादे को दिखाती है, ताकि मिडिल ईस्ट में दाएश और उसकी खतरनाक व हिंसक विचारधारा के फिर से उभरने को खत्म किया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।